देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट

गोण्डा शुक्रवार 06 अक्टूबर 2023 वर्ष 39 अंक 49 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA–30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये

## जिला मजिस्ट्रेट ने की गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्रवाई

गोण्डा। जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा ने कई अपराधियों के खिलाफ गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्रवाई की है। उन्होंने छोटू निवासी ग्राम सिंगारीपुरवा थाना मोतीगंज, तिलकराम सिंह एवं रामसागर निवासी माधवपुर चकत्ता थाना कोतवाली नगर को गुंडा घोषित करते हुए उनके खिलाफ 6 माह के लिए जिला बदर की कार्यवाही की है। इसके अलावा सीताराम निवासी ग्राम कुड़िया ठकुरापुर थाना कोतवाली देहात व शरीफ अली निवासी मंशापुरवा थाना धानेपुर को तो गुण्डा घोषित करते हुए 6 माह की अवधि तक प्रत्येक माह की 15 व 30 तारीख को सम्बंधित थाने के प्रभारी निरीक्षक के समक्ष उपस्थित होने के आदेश दिए हैं।

नासिरा प्रेस

मालवीयनगर–गोण्डा

मो0–9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

# सुप्रीम कोर्ट का खुलासा, हमने किसी को आरोपी बनाने के लिए नहीं कहा




नई दिल्ली (ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट ने खुलासा किया है कि उसने किसी को आरोपी बनाने के लिए नहीं कहा। ईडी अपना काम कर रही है, जांच में सबूत के आधार पर कार्रवाई होगी। यह बात दिल्ली शराब घोटाला केस के आरोपी मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई के दौरान जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच कही। गौरतलब है कि बैंच इस मामले की सुनवाई कर रही है।

वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी शीर्ष अदालत में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और पटपड़गंज से आम आदमी पार्टी के विधायक मनीष सिसोदिया का पक्ष रखते हुए केस से जुड़े तथ्यों को कोर्ट के सामने रखा। अभिषेक मनु सिंघवी ने जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच के सामने एक चार्ट रखा जिसमें सीबीआई और ईडी की ओर से दर्ज केस में हुई कल की गिरफ्तारियों और सह आरोपियों को जमानत मिलने की तारीख का ब्यौरा था। सिंघवी ने अपनी दलील में कहा– मेरे मुवक्किल का विजय नायर से मेरा कोई संबंध नहीं है। वह आम आदमी पार्टी का एक वॉलंटियर था, जो आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। मनीष सिसोदिया के खिलाफ जो भी आरोप लगाए गए हैं, वे सुनी–सुनाई बातों पर आधारित हैं, उनको साबित करने के लिए जांच एजेंसियों के पास ठोस सबूत नहीं है। सिंघवी ने कहा कि जिन बयानों के चलते मनीष सिसोदिया के खिलाफ केस होने का दावा किया जा रहा है, उनमें खुद विरोधाभास है। अभिषेक मनु सिंघवी ने दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी को आरोपी बनाए जाने की चर्चाओं का जिक्र करते हुए कहा कि अखबारों में हेडलाइन है कि सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछा है कि आप को आरोपी क्यों नहीं बनाया? ज्यादातर समाचार चैनल चला रहे हैं कि ईडी आम आदमी पार्टी को इस केस में आरोपी बनाना चाहती है। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा– हम अदालत में कई सवाल पूछते हैं। हम मीडिया रिपोर्ट से प्रभावित नहीं होते। ईडी के वकील एसवी राजू ने कहा कि अगर सबूत हैं तो हम किसी को नहीं छोड़ेंगे।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पीएमएलए के तहत हमने जो सवाल पूछा था उसका आधार ये था कि सी–डी को आरोपी बनाया एक–बी को क्यों नहीं बनाया? यह एक कानूनी सवाल था, जिसका जवाब हमने ईडी से मांगा। शीर्ष अदालत ने साफ किया– हमने ईडी से यह नहीं पूछा था कि आप किसी को आरोपी बनाइए। हमने सिर्फ एक कानूनी सवाल पूछा था कि अगर ए को फायदा पहुंचा है, तो क्या बी या सी के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है?

जस्टिस खन्ना ने कहा कि ईडी के अनुसार आरोप है कि 30 करोड़ दिनेश अरोड़ा को दिए गए, 35त्र इंडोस्पिरिट को दिया गया और होलसेलर को 65% मिला। ईडी की तरफ से कहा की पॉलिसी बनाने के फैसले को चुनौती नहीं दी गई है। इस पर जस्टिस खन्ना ने पूछा कि आपके अनुसार नीतिगत निर्णय व्यक्तिगत लाभ के लिए प्रेरित था, तो क्या इसका मतलब यह नहीं होगा कि आप नीतिगत फैसले को चुनौती दे रहे? एसवी राजू ने कहा कि हमारा कहना है कि नीति थोक विक्रेताओं को लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई थी, हम बताएंगे कि कैसे इसको तैयार किया गया था और इसमें मनीष सिसोदिया की क्या भूमिका थी।

## डीएम ने किया सीएचसी कटरा का औचक निरीक्षण

सभी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करायें सीएचसी अधीक्षक-जिलाधिकारी



निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले जिलाधिकारी ने वहां का उपस्थिति रजिस्टर चेक किया, जिसमें पाया गया कि राज मिश्रा आरोग्य मित्र पिछले एक माह से अनुपस्थित चल रहे हैं। इसके साथ ही पर्चा काउंटर पर जाकर जानकारी की गई कि यहां पर पर्चा काटने व देने में किसी प्रकार की मरीजों व तीमारदारों को कोई दिक्कत तो नहीं होती है। इसके बाद उन्होंने प्रसव कक्ष , जननी सुरक्षा वार्ड, रिकॉर्ड रुम, दवा वार्ड, कोल्डचेन वार्ड, वैक्सीनेशन वार्ड, कम्प्यूटर कक्ष आदि का पूरी गहनता के साथ निरीक्षण किया। साथ ही निरीक्षण के दौरान सभी जगहों पर साफ–सफाई की और बेहतर करने के निर्देश सीएचसी अधीक्षक को दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर पर उपस्थित मरीजों / तीमारदारों से वार्ता करते हुए जानकारी ली कि यहां पर पर्चा देने में कोई समस्या तो नहीं होती है। इसके साथ ही उन्होंने जननी सुरक्षा वार्ड में जाकर वार्ड में भर्ती जच्चा व बच्चा के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा वहां पर प्रसव वाली मरीजों को मिलने वाले खान पान व अन्य सुविधाओं के संबंध में मरीजों से जानकारी ली। वहीं निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएचसी अधीक्षक को निर्देश दिये हैं कि यहां पर आने वाले सभी मरीजों को शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाय।

इस अवसर पर सीएचसी अधीक्षक कटरा बाजार, यूनीसेफ के पदाधिकारी डाक्टर शेषनाथ सिंह सहित सभी अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मीडिया कर्मी पर छापेमारी की हिन्दी समाचार पत्र सम्मेलन ने की भर्त्सना

लखनऊ। हिन्दी समाचार पत्र सम्मेलन प्रिन्ट, इलेक्ट्रानिक और डिजिटल मीडिया में काम करने वाले देश के जाने माने स्वतंत्र पत्रकारों के खिलाफसरकार की एजेन्सियों द्वारा मारे गये छापे में उनके लैपटाप और मोबाइल फेन को जब्त किये जाने और यूएपीए के तहत कार्रवाई की निन्दा और भर्त्सना करता है।

पत्रकारों के खिलाफयह कार्रवाई वास्तव में पत्रकारों और पत्रकारिता पर हमला है। सम्मेलन की कार्य समिति द्वारा पास किये गये उक्त प्रस्ताव की जानकारी सम्मेलन की अध्यक्ष सुश्री सुमन गुप्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी। प्रस्ताव में कहा गया है कि सरकार को एजेन्सियों के माध्यम से पत्रकारों के उत्पीड़न की कार्रवाई बन्द करके प्रेस की आजादी का सम्मान करना चाहिए। हिन्दी समाचार सम्मेलन के पदाधिकारी एवं सदस्य पत्रकारों के खिलाफहुई कार्रवाई की निन्दा एवं भर्त्सना करते हैं। इस प्रकार की कार्रवाई संवैधानिक मूल अधिकारों और लोकतंत्र की मूल भावना के विपरीत है।

## 01 साल से भटक रहा था फरियादी, डीएम ने 01 दिन में किया समस्या का समाधान




निज संवाददाता

गोण्डा। 80 साल के बुजुर्ग श्यामलाल। गोण्डा के रेतवागाड़ा गांव के रहने वाले श्यामलाल को मृतक बताकर लेखपाल और राजस्व निरीक्षण ने खतौनी से नाम गायब कर दिया। बीते 01 साल के वह लगातार कचहरी के चक्कर लगा चुके थे लेकिन, कोई समाधान नहीं मिला। हिम्मत जुड़ाकर श्यामलाल मंगलवार को सीधे जिलाधिकारी नेहा शर्मा के जनता दर्शन कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने जिलाधिकारी नेहा शर्मा के सामने अपना प्रकरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने भी उनकी शिकायत को बेहद गंभीरता से सुना। तत्काल संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के संबंध में सख्त निर्देश दिए। इतना ही नहीं, खुद जिलाधिकारी ने 24 घंटे में ही श्यामलाल की समस्या का समाधान भी सुनिश्चित किया। श्यामलाल बताते हैं कि संबंधित प्रकरण में जून 2022 में ही लेखपाल, कानूनगो तथा नायब तहसीलदार द्वारा अपनी आख्या लगा दी गई थी। बावजूद, इस प्रकरण के संबंध में आदेश जारी नहीं किए जा रहे थे। जिस समस्या को लेकर वह साल भर से चक्कर काट रहे थे, डीएम साहिबा ने उसका समाधान 24 घंटे में कर दिया। श्यामलाल अब बेहद खुश हैं।

*ट्राइसाइकिल पाकर खिला बुजुर्ग का चेहरा*

यह प्रकरण सिर्फ बानगी भर है। जिलाधिकारी के जनता दर्शन में पहुंचने वाले फरियादी की शिकायत का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। बीते दिनों जनता दर्शन में ग्राम माधवपुर राय के दिव्यांग बुजुर्ग श्री राम सुमेरन द्वारा ट्राइसाइकिल उपलब्ध न कराए जाने के संबंध में शिकायत की गई। जिलाधिकारी ने शिकायत को सुना और तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जांच की गई। जांच में 45 त्र दिव्यांगता की पुष्टि होने पर तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया गया। सरकारी अफसरों ने अगले ही दिन बुजुर्ग को ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई।

*झटपट समाधान के कारण जनता में लोकप्रिय*

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बीती 12 जून को गोण्डा की कमान संभाली थी। करीब चार महीने छोटे से ही समय में उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली के चलते जनता के दिलों में जगह बना ली है। जनता दर्शन कार्यक्रम में पहुंचने वाले हर फरियादी की बात को सुनना और उसका समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। नतीजा, जनपदवासियों का भरोसा उनपर बढ़ता जा रहा है। उनकी झटपट समाधान की कार्यप्रणाली जनता में काफी लोकप्रिय हो रही है।

## मंडलायुक्त ने अवैध संपत्ति की जांच के दिये निर्देश

**नजारत में सम्बद्ध रहे सफाई कर्मी की संपत्ति की होगी जांच**

निज संवाददाता

गोण्डा। नगर पालिका परिषद गोंडा के सफाई कर्मचारी संतोष कुमार जायसवाल द्वारा आयुक्त कार्यालय के नजारत के सरकारी अभिलेख व उपकरण अपने घर ले जाने पर मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने अपर आयुक्त प्रशासन को जांच करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा मंडलायुक्त ने सफाई कर्मचारी की संपत्तियों की जांच के भी निर्देश दिए हैं साथ उन्होंने कहा है कि यदि कर्मी द्वारा आलोच्य अवधि में अवैध ढंग से संपत्तियां अर्जित करने की पुष्टि होती है तो इस प्रकरण को भ्रष्टाचार निवारण संगठन व सतर्कता विभाग को कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा। मंडलायुक्त द्वारा सफाई कर्मचारी द्वारा कितनी अवधि तक नजारत में कार्य करने, उसे किस प्रकार अनियमित रूप से नाजिर का प्रभार देने एवं उसके द्वारा नजारत संबंधी किये गये कार्यों की जांच कर एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। मण्डलायुक्त ने अपर आयुक्त प्रशासन को इस पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। मंडलायुक्त ने बताया कि नजारत की कई पत्रावलियां व अभिलेख, स्टॉक रजिस्टर आदि वर्तमान नाजिर को प्राप्त न होने पर शासकीय कार्य बाधित हो रहा है।



## डीएम नेहा शर्मा अब सरकारी कर्मचारियों से करेंगी सीधा संवाद

- ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, संग्रह अमीन, लेखपाल, आशा बहू से लेकर जमीनी स्तर पर काम कर रहे अन्य कर्मचारियों से संवाद का कार्यक्रम जारी
- डीएम खुद सुनेंगी कर्मचारियों की परेशानी, अच्छा कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ग्राम चौपाल और नगर चौपाल के माध्यम से जनपद की आम जनता की शिकायतों और परेशानियों को सुना। अब बारी सरकारी मशीनरी से संवाद की है। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, संग्रह अमीन, लेखपाल, आशा बहू, उचित दर विक्रेता से लेकर जनपद में जमीनी स्तर पर काम कर रहे हर विभाग के कर्मचारियों से सीधे संवाद करने का फैसला लिया है। शुरुआत आगामी 13 अक्टूबर को नेहरू युवा केन्द्र से की जा रही है।

जिलाधिकारी कार्यालय से इस संवाद कार्यशाला के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत 13 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक 13 अलग–अलग विभागों में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों से जिलाधिकारी खुद संवाद करेंगी। सभी विभागों को अपने स्तर पर तैयारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, संग्रह अमीन, लेखपाल, पंचायत सहायक, सफाई मित्र, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा बहू, स्वयं सहायता समूहों, सीएससी ऑपरेटर्स, उचित दर विक्रेता, एफपीओ, होमगार्ड्स, पीआरडी जवान, नेहरू युवा केन्द्र व युवक मंगल दल के स्वयं सेवकों सहित अन्य ग्राम स्तरीय कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इनके साथ नियमित अन्तराल पर कार्यशाला का आयोजन कर संवाद किया जाना आवश्यक है।

*इन मुद्दों पर रहेगा जोर*

संवाद कार्यशाला के दौरान शासन की प्राथमिकताओं के क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की भूमिका तथा प्रशासन व विभाग की अपेक्षाओं, अन्तर्विभागीय समन्वय में संबंधित की भूमिका के साथ ही विभागीय समस्याओं की जानकारी एवं उनके समाधान पर विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के पूर्व की तैयारियों में विभागों की भूमिका के साथ ही सतत विकास लक्ष्यों की पूर्ति में सहभागिता पर चर्चा होगी। इतना ही नहीं, इस कार्यशाला के एजेंडे में विभाग के स्तर पर शुरू की गई बेस्ट प्रैक्टिसेस के साथ अपने सेवा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाना शामिल है।

### यह है कार्यक्रम

| विभाग | संवाद की तिथि |
|---|---|
| जिला प्रशिक्षण विभाग | 13 अक्टूबर |
| राजस्व विभाग | 17 अक्टूबर |
| होमगार्ड विभाग | 20 अक्टूबर |
| कृषि विभाग | 27 अक्टूबर |
| युवा कल्याण विभाग व नेहरू युवा केन्द्र | 31 अक्टूबर |
| नागरिक आपूर्ति विभाग | 03 नवम्बर |
| चिकित्सा विभाग | 07 नवम्बर |
| विद्युत विभाग | 10 नवम्बर |
| कार्यक्रम विभाग | 14 नवम्बर |
| पंचायती राज विभाग | 17 नवम्बर |
| विकास विभाग | 21 नवम्बर |
| राष्ट्रीय आजीविका मिशन | 28 नवम्बर। |

## साहित्य का मूल लक्ष्य है लोकमंगल–प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित

○ सर्वे भवन्तु सुखिनः ट्रस्ट और शोध केंद्र की ओर से मगहर से सूकरखेत वाया अगौना निकाली गई लोकमंगल यात्रा



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। कबीर ने समाज की विसंगतियों पर प्रहार किया तो गोस्वामी तुलसीदास ने मानस की रचना कर समाज को लोकमंगल का संदेश दिया। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने आलोचना का मापदंड निर्धारित कर समन्वय का सिद्धांत स्थापित किया। साहित्य के गौरव तीनों महारथियों के सिद्धांत सुरक्षित व अक्षुण्ण रखने के लिए लिए गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान व शोध का क्रम अनवरत जारी रहना चाहिए।

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के शोध केंद्र व %सर्वे भवन्तु सुखिनः% ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य रामचंद्र शुक्ल की जयंती पर मगहर से सूकरखेत वाया अगौना तक निकाली गई साहित्य की लोकमंगल यात्रा के समापन पर पसका में आयोजित संगोष्ठी में यह विचार लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित ने व्यक्त किए। तुलसी के राम विषयक संगोष्ठी में तुलसी जन्मभूमि विवाद पर बोलते हुए श्री दीक्षित ने कहा कि तुलसी जन्मभूमि का विवाद राजनैतिक दुराग्रह व क्षेत्रीय स्वार्थ का शिकार हो गया। आचार्य शुक्ल ने इस विवाद का जड़ सूकरखेत से जोड़ते हुए असली सूकरखेत गोण्डा माना है। उन्होंने कहा कि 1998 में उच्च न्यायालय के न्यायधीशों की उपस्थिति में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बांदा व एटा के दावे तथ्यहीन सिद्ध हो चुके हैं। साहित्य भूषण सूर्यपाल सिंह की अध्यक्षता व प्रो. जितेन्द्र सिंह के संचालन में आयोजित संगोष्ठी में यात्रा के संयोजक व शोध निदेशक प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि कबीर के निर्गुण राम को तुलसी के सगुण राम के विचारों को आचार्य रामचंद्र शुक्ल के समन्वय सिद्धांत से जोडकर साहित्य के नये तीर्थ की स्थापना का लक्ष्य लेकर यह यात्रा तीन दर्जन प्राध्यापकों व साहित्य प्रेमियों के साथ यह यात्रा निकाली गयी। निकट भविष्य में जन जागरण के लिए पद यात्रा भी निकाली जाएगी। संगोष्ठी को लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. पवन अग्रवाल ने कहा कि कबीर व तुलसी ने मानवता के लिए भाषा मुक्त साहित्य दिया है। प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शोध केन्द का यह अनुसंधान भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगा।

इसके पूर्व बुधवार की प्रातः मगहर में डा. जय शंकर तिवारी के संयोजन में कबीर के राम विषयक संगोष्ठी में बोलते हुए चीन में प्राध्यापक रहे डा. गंगा प्रसाद शर्मा ने कहा कि कबीर ने जिस व्रह्म को राम कहकर उपासना की है, वह दशरथ सुत न होकर घट– घट वासी व्रह्म है। यात्रा दल के अगौना पहुंचने पर आचार्य रामचंद्र शुक्ल बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने रोली चंदन लगाकर स्वागत किया। आचार्य शुक्ल स्मारक सभागार में आयोजित %साहित्य और लोकमंगल% विषयक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि अयोध्या के महापौर डा. गिरीश पति त्रिपाठी ने यात्रा दल के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि निश्चय ही निर्गुण से सगुण की यह यात्रा समाज में समरसता का संदेश देगी। गोष्ठी के मुख्य वक्ता साहित्य भूषण डा. सूर्यपाल सिंह ने कहा कि हिन्दी साहित्य में आचार्य शुक्ल की मान्यताएं अकाट्य हैं। संगोष्ठी में लोकमंगल यात्रा के सहयात्री साहित्य भूषण द्वय शिवाकान्त मिश्र विद्रोही एवं सतीश आर्य की कविताओं ने श्रोताओं को प्रफुल्लित कर दिया।

डॉ. बलजीत श्रीवास्तव, भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ, डॉ. अनिल विश्वकर्मा, जनेस्मा बाराबंकी, डॉ. रंजन शर्मा, भूगोल विभाग, डॉ. अरविंद शर्मा, साकेत कॉलेज, अयोध्या, डॉ. रेखा शर्मा, पसका प्रधान पिंकू सिंह, गौरव, पूर्व छात्र नेता, रूप नारायण सिंह, प्रवक्ता, संस्कृत इंटर कॉलेज, कर्नलगंज सहित अनेक सुधीजन यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए।

यात्रा में हुए शामिल

प्रो. सूर्यपाल सिंह, प्रो. गंगा प्रसाद शर्मा, सूरत, प्रो. बी. पी. सिंह, ऑक्टा महामंत्री प्रो. जितेंद्र सिंह, डॉ. नीरज पांडेय, बहराइच, ओम प्रकाश शुक्ल, प्रो. रामसमुझ सिंह, प्रो. अभय श्रीवास्तव, प्रो. जे. बी. पाल, डॉ. पुष्यमित्र मिश्र, डॉ. संतोष श्रीवास्तव, डॉ. विवेक प्रताप सिंह, डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. ओम प्रकाश यादव, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. अरुण प्रताप सिंह, वाणिज्य विभाग, प्रो. जय शंकर तिवारी, आर. जे. शुक्ल, सतीश आर्य, शिवाकांत मिश्र विद्रोही, पुष्कर बाबू, जीतेश, रामवचन, शंकर दयाल, रामरूप सहित तीन दर्जन प्राध्यापक व साहित्य प्रेमियों का दल साहित्य की लोकमंगल यात्रा में शामिल हुआ। स्थान–स्थान पर यात्रा–दल का स्वागत हुआ।

## ग्रुप कमांडर गोरखपुर ब्रिगेडियर दीपेंद्र रावत ने किया एनसीसी बटालियन का निरीक्षण



कल्पराम त्रिपाठी

गोन्डा। अम्बेडकर चौराहे के पास बटालियन में 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा का वार्षिक निरीक्षण ग्रुप कमांडर गोरखपुर ब्रिगेडियर दीपेंद्र रावत द्वारा किया गया। ग्रुप कमांडर का स्वागत कमान अधिकारी 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने किया। सेना के सभी अधिकारियों एवं सैनिकों के परिचय के बाद ग्रुप कमांडर को बटालियन पर एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ़ अनार प्रदान किया गया। इसके उपरांत बटालियन पर बने ऑप्टिकल कोर्स पर कैडेटो द्वारा ट्रेनिंग दिखाई गई। कमान अधिकारी द्वारा ब्रीफिंग के उपरांत पूरे बटालियन का निरीक्षण ग्रुप कमांडर द्वारा किया गया। निरीक्षण से ग्रुप कमांडर गोरखपुर द्वारा बटालियन की सराहना की गई और कमान अधिकारी को बेहतरीन कार्य के लिए बधाई दिया। निरीक्षण के क्रम में स्थानीय श्री गांधी विद्यालय रेलवे कॉलोनी इंटर कॉलेज गोंडा के एनसीसी यूनिट का भी निरीक्षण ग्रुप कमांडर द्वारा किया गया जहां पर संस्था के प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी ने समस्त स्टाफ के साथ ग्रुप कमांडर का स्वागत किया। यहां भी एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ़ अनार के उपरांत एनसीसी ऑफिस, स्टोर रूम, समस्त अभिलेखों का विधिवत निरीक्षण करने के बाद एनसीसी कैडेट के साथ संवाद स्थापित किया जिसमें सभी कैडेटों को जीवन में अपना लक्ष्य तय करने की बात कही। अनुशासन का मतलब व्यक्तिगत जीवन के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी अनुशासित होकर कार्य करना ही अनुशासन का उद्देश्य है। प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी द्वारा ग्रुप कमांडर महोदय को एवं कमान अधिकारी गोंडा को स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रुप कमांडर ने अंडर ऑफिसर आकाश कुमार, अंडर ऑफिसर विनय मौर्य, अंडर ऑफिसर स्नेहा यादव, कैडेट साधना को उत्कृष्ट कार्य हेतु पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बटालियन पर मेजर राजेश द्विवेदी, मेजर राजाराम, लेफ्टिनेंट हरिनाथ सिंह, लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला, अमित शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## ज़िला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक 09 अक्टूबर को

बहराइच । श्री मां दुर्गापूजा ( नवरात्रि पर्व ) तथा विजय दशमी ( दशहरा ) के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा धार्मिक आयोजन के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 09 अक्टूबर 2023 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति कमेटी की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## एटा के जलेसर में पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, ऑपरेशन थिएटर का किया लोकार्पण

आगरा । एटा की जलेसर तहसील क्षेत्र के गांव कोसम में वात्सल्य आरोग्य धाम में ऑपरेशन थिएटर का लोकार्पण करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सर्वप्रथम गांव कोसम में अचार्य विमल सागर महाराज की जन्मस्थली पर पहुंच कर मंदिर में उनके दर्शन किए। इसके बाद वत्सल आरोग्य धाम पहुंचे। आरोग्य धाम का निरीक्षण किया, जिसके बाद ऑपरेशन थिएटर का लोकार्पण किया। साथ ही मंडलीय समीक्षा बैठक की, जिसमें चार जनपद के सीएमओ के साथ विभागीय कार्यों को लेकर आधा घंटे चर्चा चली।

## ईश्वर देते हैं लोगों की सेवा करने का अवसर-नृत्यगोपाल दास

झांसी । शनिवार को पूर्व विधायक व मप्र सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपनारायण सिंह यादव के मून सिटी स्थित निवास पर राम जन्म भूमि न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से ही लोगों को जनसेवा का अवसर हासिल होता है। महंत ने कहा कि ईश्वर मनुष्य की सेवा के लिए किसी विशेष मानव को माध्यम बनाकर मानवीय संताप दूर करने का प्रयास करता है। विशेष गुण वाले को ही ईश्वर माध्यम बनाता है। दीपनारायण सिंह यादव को भी ईश्वर ने लोगों की सेवा करने का अवसर दिया है। इस अवसर पर दीपनारायण ने कहा कि महंत का आशीर्वाद और स्नेह उनके जीवन की पूंजी है। समाज के असहाय लोगों की मदद करना और सामाजिक भाईचारे का माहौल बनाए रखना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। समाज तभी मजबूत रह पाएगा जब हम सब मिलकर इसको मजबूत बनाएंगे। 1001 बहनों के विवाह का मकसद भी जाति और धर्म की विसंगतियों को दूर करना है। इस दौरान पूर्व विधायक मीरा दीपक यादव ने महंत और उनके साथ आए अन्य संतों का स्वागत किया।

## खाना बना रही मां-बेटी पर गिरी दीवार

कन्नौज । क्षेत्र के कसावा गांव में घर में खाना बना रही मां-बेटी पर दीवार गिर गई। शोरगुल सुनकर आए परिजनों व ग्रामीणों ने मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला और गंभीर हालत में सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया। सोमवार को क्षेत्र के ग्राम कसावा निवासी गोरेलाल की पत्नी रीना ( 35 ) व उसकी बेटी शिवानी ( 17 ) घर में खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक मिट्टी से जुड़ी दीवार उन पर गिर पड़ी। चीख-पुकार सुनकर परिजन व ग्रामीण आ गए और मलबा हटाकर दोनों घायलों को बाहर निकाला। परिजनों ने बताया कि दीवार की ईंटें तो पक्की थी लेकिन उसकी चिनाई मिट्टी से हुई थी। पिछले दिनों लगातार हुई बारिश से दीवार झुक गई थी और सोमवार को उसके गिरने से यह हादसा हो गया।

## ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग महिला की मौत

कन्नौज । नाती को स्कूल से लंच देकर लौट रही बुजुर्ग महिला रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई। इस हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। हालांकि परिजनों के अनुरोध पर जीआरपी ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया। गुरसहायगंज कोतवाली के जसोदा निवासी राम चंद्र राठौर की 75 वर्षीय पत्नी जमुना देवी मंगलवार की सुबह नाती को स्कूल से खाना दे कर घर जा रही थीं। रेलवे क्रासिंग पार करते समय वह कानपुर की ओर से उदयपुर-कामाख्या एक्सप्रेस को नहीं देख सकीं। ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना ट्रेन के गार्ड ने जसोदा स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर ने इसकी सूचना जीआरपी को दी। उसके बाद परिजनों को पता चला। जीआरपी के सब इंस्पेक्टर प्रेम पाल सुधाकर ने जमुना देवी के पत्रकार पुत्र मनोज राठौर की तहरीर पर शव को पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। हादसे से परिवार में गम का माहौल है। मंगलवार को ही दोपहर बाद गंगा स्थित कुसुमखोर घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## जय माता दी लिखे वाहन का चालान काटने पर हिंदू रक्षा दल ने किया बवाल, अध्यक्ष बोले- योगी को बुला...

गाजियाबाद । यूपी के गाजियाबाद जिले में ट्रैफिक पुलिस ने जय माता दी का स्टीकर लगे एक वाहन का चालान काट दिया। वाहन का चालान काटने के बाद हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी उर्फ पिंकी भैया अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने चालान काटने वाले ट्रैफिक पुलिसकर्मी से अभद्रता की और धमकाते हुए मोबाइल छीनने का प्रयास किया, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। वहीं, वीडियो में पिंकी भैया कह रहे हैं कि %ओ भाई, एसपी ट्रैफिक से बात कर। अच्छा-अच्छा कर रहा है। फोन कर...फोन कर। तू इंस्पेक्टर को बुला, किसको बुला रहा। तू सुन, तेरे जय माता दी पर कैसे कर दिया। अरे योगी को बुला।% इतना ही नहीं इस कार्रवाई से नाराज होकर कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए।

## करहिया हॉल्ट पर जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

गाजीपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय- दानापुर रेलखंड स्थित करहिया हाल्ट पर सोमवार से बनारस- पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू हो गया। निर्धारित समय से एक घंटे विलंब से पहुंची जनशताब्दी एक्सप्रेस का ग्रामीणों ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। पूर्व सचिव नागरिक उड्डयन भारत सरकार केएन श्रीवास्तव ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय- दानापुर रेलखंड के करहिया हाल्ट पर 15125/26 बनारस - पटना - बनारस जनशताब्दी एक्सप्रेस का प्रायोगिक तौर पर दो मिनट का ठहराव रेलवे द्वारा प्रदान किया गया है। सुबह निर्धारित समय आठ बजकर 32 मिनट से एक घंटा विलंब से चल रही जनशताब्दी एक्सप्रेस जैसे ही करहिया हॉल्ट पर रुकी तो उत्साह से लबरेज ग्रामीणों ने जय श्री राम और मां कामाख्या के गगनभेदी जयकारे से ट्रेन के चालक का स्वागत किया। माल्यार्पण करने के बाद ग्रामीणों द्वारा मुंह मीठा कराया। करहिया गांव निवासी पूर्व सचिव नागरिक उड्डयन भारत सरकार केएन श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखा कर ट्रेन को आगे के गंतव्य के लिए रवाना किया।

## अभी आधा अधूरा काम हो सका

गोरखपुर-नौतनवां रेल खंड के नकहां रेलवे स्टेशन के पास ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जनवरी 2022 में शुरू हुआ था। इसका काम पूरा कराने का लक्ष्य दिसंबर 2023 के अंत तक रखा गया है, लेकिन अभी आधा अधूरा काम हो सका है। भगवानपुर की ओर से खाद कारखाने की तरफ जाने के लिए ओवरब्रिज के पिलर बन चुके हैं। छत की ढलाई का काम चल रहा है। सोमवार की दोपहर 01:35 बजे ओवरब्रिज में गर्डर लगाने के लिए मजदूर सरिया की वेल्डिंग करते मिले। मजदूरों ने कहा कि इस तरफ तो काम चल रहा है। लेकिन बरगदवां की ओर से काम करने में देरी होगी। यहां से गुजर रहे भगवानपुर के केशव ने बताया कि निर्माण कार्य तो काफी दिन से चल रहा है। लेकिन अभी लग रहा है कि कम से कम एक साल लगेगा।

## पांच करोड़ से होगा शहर के प्रवेश द्वारों का सुंदरीकरण

गोरखपुर। महानगर के चार प्रवेश द्वार के दोनों तरफ नगर निगम सुंदरीकरण का काम कराएगा। करीब आधा किलोमीटर के दायरे में लैंडस्केपिंग के साथ ही ग्रीन बेल्ट का निर्माण किया जाएगा। इस कार्य पर चार करोड़ 95 लाख रुपये खर्च होंगे। महानगर के प्रवेश द्वार के दोनों तरफ फुटपाथ भी दुरुस्त किए जाएंगे। साथ ही तरफ इंटरलाकिंग भी होगी। वायु प्रदूषण रोकने के लिए समय-समय पर पानी का छिड़काव कराया जाएगा। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि महानगर में चार प्रवेश द्वारों पर लैंडस्केपिंग और ग्रीन बेल्ट बनाया जाएगा। सुंदरीकरण के साथ ही आकर्षक सजावट और प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी।

यहां होंगे काम

- नंदानगर में छोटी लाइन से पुलिस चौकी तक पटरी पर डस्ट मैनेजमेंट के लिए पक्की सड़क का निर्माण व एयरपोर्ट तक ग्रीन बेल्ट विकसित करने का कार्य - 1.80 करोड़ रुपये
- गुलरिहा पुलिस चौकी के पास लैंडस्केपिंग और ग्रीन बेल्ट का निर्माण - 50 लाख रुपये
- राजघाट पुल के दोनों तरफ लैंडस्केपिंग और ग्रीन बेल्ट का निर्माण - 1.3 करोड़ रुपये

## डीएम व एसपी ने किया भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र का भ्रमण



बहराइच संवाददाता

बहराइच । भारत-नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून एवं शान्ति व्यवस्था का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, उप जिला मजिस्ट्रेट नानपारा अजित परेश, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय व अन्य के साथ रूपईडीहा का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने रूपईडीहा थाने में एस.एस.बी. की 42वीं बटालियन के कमाण्डेन्ट गंगा सिंह उदावत, थानाध्यक्ष रूपईहीडा शमशेर बहादुर सिंह से कानून एवं शान्ति व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सीमावर्मी क्षेत्र में सतर्कता बरतने के निर्देश दिये।

इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ सीमावर्ती क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लिया तथा सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को चौकसी बरतने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान डीएम ने रूपईडीहा मुंशीपुरवा ग्राम बीओपी श्रीनगर समतलिया अन्य ज़िला मार्ग एवं सीमा पर निर्मित होने वाले प्रवेश द्वार के बारे में लोक निर्माण विभाग के अवर अभियन्ता जितेन्द्र कुमार से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ की हॉकी टीम चैंपियन

बाराबंकी । खेल कोटे से भर्ती उत्तर प्रदेश पुलिस हॉकी टीम के प्रशिक्षु खिलाड़ियों एवं गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ की टीम के खिलाड़ियों के बीच हॉकी मैच का आयोजन किया गया। दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जीत के लिए खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। सेनानायक सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में खेले गए हॉकी मैच में दोनों टीमों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। दोनों टीमों के बीच कांटे का मुकाबला हुआ। 10वीं वाहिनी की टीम की ओर से अमित ने दो और राजीव रंजन ने एक गोल किया। वहीं स्पोर्ट कॉलेज लखनऊ टीम के खिलाड़ी विमल ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दो गोल कर दिए। हालांकि 10वीं वाहिनी के खिलाड़ियों के कड़े क्षेत्ररक्षण से मुकाबला रोमांचक रहा। वहीं लखनऊ की ओर से जैद मोहम्मद ने गोल कर लखनऊ को बढ़त दिला दी। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के लिए जमकर पसीना बहाया।

## राधास्वामी सत्संग सभा को फिलहाल राहत, हाइकोर्ट ने दिए 10 अक्तूबर तक यथा स्थिति रहने के आदेश

आगरा। तहसीलदार के नोटिस के विरुद्ध राधास्वामी सत्संग सभा की स्टे याचिका पर हाइकोर्ट में आज सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने 10 अक्तूबर की तारीख देते हुए तब तक यथा स्थिति रहने के आदेश दिए हैं। आगरा के दयालबाग क्षेत्र में बंद रास्तों पर बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने फिलहाल राधास्वामी सत्संग सभा को राहत देते हुए 10 अक्तूबर तक यथा स्थिति रहने के आदेश दिए हैं। इस तारीख को फिर से सुनवाई होगी। बता दें राधास्वामी सत्संग सभा की स्टे याचिका पर हाईकोर्ट गुरुवार यानि आज सुनवाई हुई। इस सुनवाई को लेकर बुधवार को दिनभर तहसील में दस्तावेजों की जांच होती रही। कई दस्तावेजों की प्रतियां तैयार की गई हैं। राधास्वामी सत्संग सभा के अध्यक्ष गुरु प्रसाद सूद, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव व अनूप श्रीवास्तव के विरुद्ध तहसीलदार न्यायालय ने 14 सितंबर को नोटिस जारी किया था। मौजा जगनपुर व खासपुर स्थित गाटा नंबरों में सार्वजनिक रास्तों पर अवैध कब्जा कर सरकारी भूमि का सार्वजनिक उपयोग बाधित करने के आरोप लगाए थे।

जिसके विरुद्ध राधास्वामी सत्संग सभा ने हाईकोर्ट में स्टे याचिका दायर की। 27 सितंबर को सुनवाई के दौरान राधास्वामी सत्संग सभा ने प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। जिसके बाद 5 अक्तूबर तक हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए। तहसील प्रशासन ने राधास्वामी सत्संग सभा के कब्जों के विरुद्ध 1965 में हुई चकबंदी को आधार बनाया है। राजस्व रिकॉर्ड में भूमि को सरकारी बताया है जबकि राधास्वामी सत्संग सभा भूमि को निजी बता रही है। 24 सितंबर को कब्जे हटाने के दौरान दयालबाग में बवाल हुआ था।

## ओमप्रकाश राजभर बोले- यूपी बड़ा प्रदेश, चार भागों में हो बंटवारा

बलिया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर बलिया पहुंचे। मीडिया से बातचीत में उन्होंने मंत्री संजीव बालियान के बयान का समर्थन किया और उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटे जाने की वकालत की। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ( सुभासपा ) प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने भाजपा सांसद संजीव बालियान के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें पश्चिमी यूपी को अलग प्रदेश बनाने की मांग की है। बलिया स्थित पार्टी कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि पहले भी पूर्वांचल, बुंदेलखंड और हरित प्रदेश की मांग उठती रही है। उत्तर प्रदेश बड़ा प्रदेश है। हम इसके चार भागों में बंटवारे के पक्षधर हैं। बिहार में हुई जातीय जनगणना पर सुभासपा प्रमुख ने कहा हमें इसमें दो चीजें देखने को मिली हैं। इसमें 36 फीसदी आंकड़ा अति पिछड़ी का है। सामाजिक न्याय की दुहाई देने वाले लालू प्रसाद यादव और नितीश कुमार ने 36 फीसदी के साथ भेदभाव किया। इन लोगों ने 36 फीसदी को सामाजिक न्याय के दायरे में लाकर आज तक मुख्यमंत्री की कुर्सी तक नहीं पहुंचाया। बिहार की जातिगत जनगणना में राजभरों के साथ अन्याय

आठ बार नीतीश कुमार, दो बार लालू यादव और उनकी पत्नी भी मुख्यमंत्री रही हैं। ये सामाजिक न्याय नहीं होता है। मैं बिहार के 26 जिले में घूमा हूं। वहां बड़ी संख्या में राजभर हैं। जातिगत जनगणना में इनका आंकड़ा प्रतिशत में भी नहीं आया है। इससे स्पष्ट है कि जो जातियां राजनीति में हैं उनकी तो गिनती अच्छे से हो गई। सुभासपा प्रमुख ने कहा कि जो राजनीति में नहीं हैं उनकी गणना किसी से पूछ कर लिख दी गई है। बिहार में राजभरों के साथ अन्याय हुआ है। जनगणना में त्रुटि हुई है।

ओमप्रकाश राजभर ने मुसलमानों के भाजपा के साथ आने पर कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस ने बीजेपी के खिलाफ मुसलमानों में नफरत भरी है। भाजपा ने आयुष्मान कार्ड, निशुल्क राशन, किसान सम्मानि निधि सभी योजनाओं का लाभ दिया है। ये लाभ किसी की जाति और धर्म पूछ कर नहीं दिया गया है।

## जनपद में धान खरीद कार्य के सफल संचालन के डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ प्रशिक्षण

### धान का समर्थन मूल्य रू. 2183 प्रति कुन्टल निर्धारित

त्रिगुट संवाददाता

बहराइच । खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत 01 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ होने वाले धान खरीद कार्य को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में वर्चुअली प्रतिभाग कर रहे उप जिलाधिकारी व तहसीलदारों को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व पंजीकृत कृषकों के सत्यापन कार्य को हर हाल पूर्ण कर लिया जाय। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदारों को यह भी निर्देश दिया कि फसल अवशेषों को खेतों में जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए कृषि विभाग के सहयोग से गांव-गांव में मुनादी करा दी जाय तथा किसानों को पराली के बेहतर प्रबन्धन हेतु प्रेरित किया जाय।

किसानों को बताया जाय कि पराली से कम्पोस्ट तैयार करना एक बेहतर विकल्प है, इससे पर्यावरण संरणण के साथ-साथ भूमि की उर्वरा शक्ति को भी बढ़ाया जा सकता है। डीएम ने कहा कि किसानों को इस बात के लिए जागरूक करें के वह अपने अतिरिक्त फसल अवशेष को गौआश्रय स्थल को दान कर पुण्य के भागी बने। डीएम ने सभी क्रय ऐजेन्सियों को निर्देश दिया कि धान खरीद हेतु शासन द्वारा भुगतान के सम्बन्ध में जारी 48 घण्टे की गाइडलाइन का कड़ाई के साथ अनुपालन करेंगे तथा धान खरीद हेतु कृषकों एवं उनके पशुओं के लिए छाव, पानी व बैठने इत्यादि के माकूल बन्दोबस्त के साथ शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार बैनर, रेट लिस्ट, प्रभाणित बांट व तराजू, बोरों सहित अन्य उपकरणों की व्यवस्था रखी जायेगी। डीएम मोनिका रानी ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी क्रय केन्द्र पर किसानों का शोषण जैसी शिकायत के संज्ञान में आने पर क्रय केन्द्र प्रभारी के साथ-साथ जनपद के प्रभारी अधिकारी भी कार्रवाई की ज़द में आयेंगे। डीएम ने कहा कि क्रय अवधि के दौरान कोई भी केन्द्र बन्द नहीं होना चाहिए और न ही किसी केन्द्र पर खरीद प्रभावित होने पाये। सभी प्रभारी अधिकारी प्रभावी कार्ययोजना के साथ धान खरीद करेंगे। डीएम ने सभी क्रय एजेन्सियों के जिला प्रभारियों को निर्देश दिया कि खरीद अवधि के दौरान नियमित रूप से क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर बोरों, धनराशि की उपलब्धता, खरीदे गये धान की डिलेवरी, राईस मिलों की सम्बद्वत्ता इत्यादि की कार्रवाई एक सप्ताह में पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

बैठक के दौरान विपणन निरीक्षक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि विगत वर्षो में जिले में धान की अच्छी खरीद की गयी थी जिसके लिए जनपद भ्रमण के दौरान मा. मुख्यमंत्री जी व शासन स्तर से सराहना की गयी थी। उन्होंने बताया कि जनपद में विभिन्न क्रय एजेन्सियों के 133 क्रय केन्द्र खोला जाना है जिसके सापेक्ष अब तक खाद्य विभाग के 20, पीसीएफ के 32, पीसीयू के 25, यूपीएसएस के 10 व भारतीय खाद निगम के 02 इस प्रकार 89 क्रय केन्द्र अनुमोदन के उपरान्त खोले गये। उन्होनें बताया कि विगत वर्ष 28 हजार किसानों से 17.48 लाख कु. धान खरीद किया गया था। इस वर्ष शासन द्वारा जनपद के लिए 17.55 लाख कु. धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन द्वारा 2183 रूपये प्रति कु. समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है। उन्होनें बताया कि 01 नवम्बर 2023 से 28 फरवरी 2024 तक धान खरीद की जायेगी। अब तक 10 हजार किसानों द्वारा पंजीकरण किया गया है। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, एआर कोआपरेटिव संजीव तिवारी, क्रय एजेन्सियों के जनपद प्रभारी, केन्द्र प्रभारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## 80 वर्षीय दादी भांप न सकी पड़ोसी युवक के इरादे, घर आकर की ऐसी करतूत; जानकर खौल उठेगा खून

आगरा। 80 वर्षीय वृद्धा घर पर अकेली रहती है। उसका बेटा बाहर नौकरी करता है। पीड़िता ने बताया कि वो घर पर अकेली थी, तभी पड़ोसी युवक घर आया और उसके संग दुष्कर्म किया। फिरोजबाद की तहसील टूंडला के थाना पचोखरा क्षेत्र के एक गांव में दादी की उम्र की वृद्धा ने नाती समान पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है तथा उससे पूछताछ कर रही है। पीड़िता का पुत्र बाहर नौकरी करता है, वह घर में अकेली रहती है।

यहां का है मामला

थाना पचोखरा क्षेत्र के एक गांव निवासी 80 वर्षीय वृद्धा का आरोप है कि उनका बेटा पानीपत, हरियाणा में नौकरी करता है। वह घर में अकेली रहतीं हैं। मंगलवार रात साढ़े बारह बजे वह घर में सो रही थी, तभी गांव का ही एक युवक जबरन घर में घुस आया। करीब 28 वर्षीय युवक ने उनके साथ जबरन दुष्कर्म किया। उनके शोर करने पर वह जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। उन्होंने घटना की जानकारी रात्रि में ही अपने पड़ोसी को दी। सुबह सात बजे ग्रामीणों के साथ वह थाने पहुंची तथा उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी।

आरोपी को पुलिस ने लिया हिरासत में

पुलिस ने तत्काल आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया तथा घटना की पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया युवक शादीशुदा है तथा तीन बच्चों का पिता है। पत्नी दो साल पहले झगड़ा कर मायके चली गई थी। उसके बाद वापस लौटकर नहीं आई। मामले में थानाध्यक्ष शैलेंद्र चौहान का कहना है कि पीड़िता के शिकायत पर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। वह अपने पुत्र के आने पर तहरीर देने की बात कह रही हैं। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच व तहरीर आने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## बकाया बिल वसूली करने गई टीम की बाइकों की निकाली हवा

अमेठी। बकाया बिल वसूली के लिए पहुंची टीम की बाइक से हवा निकालने का मामला आया है। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई है। मोहनगंज थानाक्षेत्र के पूरे मुकुन मजरे रमई गांव में मंगलवार को पावर कार्पोरेशन टीम की ओर बिजली चेकिंग का कार्य किया जा रहा था। जिसके लिए संविदा कर्मी आशुतोष सिंह, मयंक कुमार, सत्यविजय, रवि सिंह, मीटर रीडर सूरज कुमार, लाइनमैन राज नारायण, रामदेव, कंधई, दिलीप कुमार, राजकुमार, अयोध्या प्रसाद अपनी-अपनी बाइक गांव के बाहर एक स्थान पर खड़ी कर भ्रमण करते हुए राजस्व वसूली का कार्य कर रहे थे। यहां से निकल कर सभी कर्मचारी दूसरे गांव जाने के लिए अपनी बाइक के समीप पहुंचे तो देखा सभी बाइकों की दोनों पहियों की हवा गायब थी व कुछ बाइक से प्लग भी निकल लिए गए थे। इसकी सूचना कर्मचारी ने मोहनगंज उपकेंद्र को दी। जेई अमित मौर्य ने इसकी सूचना तत्काल मोहनगंज पुलिस को देखकर कार्यवाही की मांग की। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारियों की बाइक में हवा और प्लग की व्यवस्था कराई इसके बाद कर्मचारी उपकेंद्र पहुंच सके।

घटना से नाराज कर्मचारियों ने विभागीय अधिकारियों से अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। जेई अमित मौर्य ने घटना के संदर्भ में अज्ञात के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव तहरीर मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में शीघ्र केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

19 बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन

चेकिंग अभियान के दौरान पूरे मुकुन गांव में बिजली विभाग की ओर से डीके बाबू की अगुवाई में हुई जांच पड़ताल व राजस्व वसूली का अभियान चलाया गया। इस दौरान 40 से 50 हजार के विद्युत बकाया 19 उपभोक्ताओं द्वारा बिल न जमा करने पर गांव पहुंची टीम द्वारा कनेक्शन काटा गया हैं।

## बरगदवां से लेकर स्पोर्ट्स कॉलेज तक यातायात का दबाव

बरगदवां से लेकर स्पोर्ट्स कॉलेज रोड पर यातायात का दबाव रहता है। नकहां रेलवे स्टेशन पर सीमेंट, खाद और कोयले की रेक आती है। इससे ट्रकों की आवाजाही होती रहती है। वहीं, खाद कारखाना के कर्मचारियों की आवाजाही भी होती है। खाद कारखाना परिसर में केंद्रीय विद्यालय है, जबकि क्षेत्र में कई अन्य कॉलेज हैं। रेलवे गेट से होकर भगवानपुर, जमी, बरगदवां के अलावा राप्ती नगर, करीम नगर सहित दर्जनों जगहों के लोग आवाजाही करते हैं। पीपीगंज की तरफ से आने वाले लोग इसी रास्ते से मेडिकल कॉलेज पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रूट पर दिन में काफी भीड़ होती है। यदि किसी को अंदाजा लगाना हो तो रेलवे ढाला बंद होने पर आ जाए। बरगदवां से लेकर खाद कारखाना मोड़ तक जाम लगता है। 24 घंटे में 20 से 25 बार रेलवे गेट खुलता और बंद होता है।

ट्रैफिक डायवर्जन का नहीं मिल रहा विकल्प

सेतु निगम से जुड़े लोगों का कहना है कि खाद कारखाना की ओर ओवरब्रिज के निर्माण में कोई दिक्कत नहीं आई है। लेकिन बरगदवां तिराहे से रेलवे गेट तक काम शुरू कराने में ट्रैफिक डायवर्जन की अचड़न आ रही है। अभी दोनों मकानों को तोड़ा जा रहा हैं। तेजी से काम कराने के लिए यातायात को दूसरी तरफ से मोड़ना पड़ेगा। लेकिन इसका कोई विकल्प नहीं मिल पा रहा है। छोटी गाड़ियों से जैसे कार, जीप और बाइक आदि को औद्योगिक क्षेत्र की ओर से गोरखनाथ से स्पोर्ट्स कॉलेज की मोड़ा जा सकता है। लेकिन भारी वाहनों को दिन में ले जाने में दिक्कत आएगी। इसके अलावा स्थानीय लोगों के आने-जाने के लिए कोई आसान राह नहीं मिल पा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए सेतु निगम के अधिकारी मंथन कर रहे हैं।

## विदेश भेजने के नाम पर 1.88 लाख की ठगी

आजमगढ़ । जीयनपुर कोतवाली अंतर्गत मनिकाडीह में विदेश भेजने के नाम पर 1.88 लाख की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। ठग ने पीड़ित को फर्जी टिकट व वीजा दिया था। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। मनिकाडीह निवासी रामजन्म ने आरोप लगाया कि चांदपट्टी निवासी एक मुस्लिम दोस्त की ससुराल देवरिया जनपद के मदनपुर में है। उसने मुझसे कहा कि मदनपुर का एक व्यक्ति विदेश भेजता है। रामजन्म अपने मित्र के साथ देवरिया जनपद के मलटी मठिया चौराहा मदनपुर निवासी रज्जाक अहमद उर्फ रहीम से मिला। रज्जाक का भांजा मंसूर आलम उर्फ बबलू निवासी पड़री भटनी देवरिया से संपर्क किया। उसने कहा कि आजाद वीजा 6 माह में मंगवा देंगे। पहले 1.10 लाख रुपये देने होंगे। पीड़ित ने 1.10 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद उसने वीजा, मेडिकल और टिकट के नाम पर 78 हजार रुपये दो बार में लिए। पीड़ित ने खाते में रुपये भेजा। इसके बाद उसे वीजा दे दिया गया। इसके बाद वह मुंबई में मेडिकल कराया। टिकट दूसरे के नाम का दिया गया।

## दहेज हत्या के मामले में पति, सास व ससुर को आठ वर्ष की कैद

आजमगढ़ । अदालत ने दहेज हत्या के तीन आरोपियों को आठ वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर ढाई हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। मंगलवार को यह सजा जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव शुक्ला की अदालत ने सुनाई। मामला अहरौला थाना क्षेत्र के करनपुर इटौरा गांव का है। तहबरपुर थाना क्षेत्र के आतापुर गांव निवासी प्रकाशचंद्र की पुत्री प्रियंका की शादी वर्ष 2009 में अहरौला थाना क्षेत्र के करनपुर इटौरा गांव निवासी अवनीश तिवारी पुत्र लालमनी के साथ हुई थी। तीन साल बाद विवाहिता अपने मायके से विदा होकर अपने ससुराल गई थी। 13 जून 2014 को उसकी मृत्यु हो गई। इस मामले में मृतका के पिता प्रकाशचंद्र ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया कि विवाहिता के ससुराल के लोग दहेज में कार की मांग को लेकर प्रियंका को प्रताड़ित करते थे। विवाहिता को जलाकर मारा डाला गया। इस मामले में संबंधित थाने की पुलिस ने पति अवनीश, सास उर्मिला और ससुर लालमनी के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया। जांच के बाद तीनों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया।

मुकदमे के परीक्षण के दौरान इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे जिला शासकीय अधिवक्ता प्रियदर्शी पीयूष त्रिपाठी, शिवआश्रय राय और आनंद सिंह ने कुल 11 गवाहों को पेश किया और तर्कों को रखा।

## वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर में शादी, वीडियो हुआ वायरल; गोस्वामियों में रोष

आगरा। बांकेबिहारी मंदिर में शादी का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। ये वीडियो मई माह का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने पर मंदिर के सेवायत गोस्वामियों ने नाराजगी जताई है। वृंदावन के बांकेबिहारी मंदिर में वीआईपी दर्शन दीर्घा में एक युवक द्वारा लाल जोड़े में युवती की मांग भरकर शादी रचाने का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस पर मंदिर के सेवायतों ने नाराजगी जाहिर करते हुए अनुचित करार दिया है। यह वीडियो बीते मई माह का बताया जा रहा है। इंटरनेट पर वायरल वीडियो में सफेद रंग की शेरवानी पहने एक युवक मंदिर के वीआईपी दर्शन दीर्घा में अपने बराबर में लाल साड़ी पहने खड़ी एक युवती के गले में पहले वरमाला डालते दिख रहा है। पहले युवती युवक के गले में वरमाला डालती है, फिर युवक ने वरमाला डाली। इसके बाद युवक उसकी मांग में सिंदूर भरता है। फिर उसे मंगलसूत्र पहना रहा है। इस दौरान मंदिर में बैठा एक व्यक्ति उन्हें प्रसाद दे रहा है। मंदिर में बांकेबिहारी को साक्षी मानकर दो युगलों द्वारा की जा रही शादी की वीडियो जैसे ही इंटरनेट पर वायरल हुआ, तो मंदिर के सेवायतों ने रोष जाहिर किया है। मंदिर के सेवायत मयंक गोस्वामी बंटू ने इस वीडियो की निंदा करते हुए कहा कि यह मंदिर की मर्यादा के खिलाफ है।

इस पर मंदिर प्रबंधन द्वारा कार्रवाई करनी चाहिए। मंदिर में शादी करना अनुचित है। यह पवित्र स्थान हैं, जहां लाखों श्रद्धालु आस्था लेकर दर्शन करने आते हैं। शशांक गोस्वामी ने कहा कि मंदिर में ठाकुरजी के दर्शन का पवित्र स्थान है।

## अलीगढ़ में मकान की दीवार गिरी, तीन बच्चे दबे

अलीगढ़। अलीगढ़ महानगर के रोरावर क्षेत्र के जलालपुर फूलवाली गली में मंगलवार रात जर्जर मकान की दीवार गिरने से पड़ोसी के घर में एक बच्ची की मौत हो गई। इस दौरान मलबे में दो अन्य बच्चे दब गए। तीनों को किसी तरह बाहर निकाला गया और जिला अस्पताल लाया।

## अधिकारियों की टीम ने बहराइच पेट्रोलियम के आउटलेट पर की छापेमारी



बहराइच। शासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम द्वारा किसान डिग्री कालेज महाराणा प्रताप चौक के निकट स्थित बहराइच पेट्रोलियम के आउटलेट का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा पेट्रोलिसम पदार्थो की क्वालिटी व मात्रा इत्यादि की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान टीम के सदस्य प्रशिक्षु पी.सी.एस. डिप्टी कलेक्टर प्रिंस वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रवीन्द्र कुमार, वरिष्ठ बाट माप निरीक्षक व कंपनी के सेल्स ऑफिसर मौजूद रहे।

त्रिगुट

शुकवार 06 अक्टूबर 2023

## बिहार की जाति जनगणना सार्वजनिक होने के बाद मचा बवाल

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 2 अक्टूबर को जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक किए हैं। जाति जनगणना में बिहार की 63 फ़ीसदी आबादी पिछड़ी जातियों की है। इसमें 36 फ़ीसदी अति पिछडी और 27फीसदी पिछड़ी जातियां हैं। इसके बाद सबसे ज्यादा आबादी 17.7 फीसदी यादव समाज की है। अनुसूचित जातियों की आबादी 19.65 फ़ीसदी है। स्वर्ण जाति की आबादी 15.52 फ़ीसदी है। इसमें स्वर्ण हिंदुओं की आबादी मात्र 10 फ़ीसदी है। बिहार सरकार द्वारा जैसे ही जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक किए गए। उसके बाद से देश भर में इसके पक्ष और विपक्ष में तरह-तरह की बातें सामने आने लगी। जाति जनगणना के आंकड़े सामने आने के तुरंत बाद आबादी के अनुपात के अनुसार आरक्षण बढ़ाने की मांग शुरू हो गई। लालू प्रसाद यादव ने भी सोशल मीडिया पर लिखा,कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए। जिसकी जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने विशेष कर बिहार के नेताओं ने कहा कि जाति जनगणना के लिए उन्होंने भी अपनी सहमति दी थी। लेकिन जनसंख्या के आधार पर आरक्षण को लेकर, बिहार के भाजपा नेताओं की राय अलग-अलग थी। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की राय भी बिहार के भाजपा नेताओं की राय से अलग थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस कह रही है की आबादी तय करेगी, पहला हक किसका होगा। कांग्रेस को ढाल बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह भी कह दिया। कांग्रेस अल्प संख्यकों का कोटा खत्म करना चाहती है। अगर आबादी के हिसाब से आरक्षण होगा, तो अल्पसंख्यकों को भारी नुकसान होगा। हिंदू आबादी भारत में सबसे ज्यादा है, तो सारे लाभ क्या हिंदुओं को मिलेंगे। यह कहकर उन्होंने मुस्लिम और इसी जातियों को छोड़कर शेष सभी जातियों को हिंदू बताकर एक तरह से आरक्षण को लेकर अपनी राय स्पष्ट कर दी है। जाति जनगणना की जनसंख्या के आधार पर आरक्षण देने के पक्ष में भाजपा नहीं है। धार्मिक ध्रुवीकरण के आधार पर हिंदुत्व का जो ध्रुवीकरण हुआ है वह भाजपा के पक्ष में है। उसे इंडिया गठबंधन के सभी दल मिलकर खंड-खंड करना चाहते हैं। जिसके कारण भाजपा बचाव की मुद्रा में है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नवंबर माह में होने वाले हैं। लोकसभा के चुनाव भी 6 माह बाद होने हैं। ऐसी स्थिति में जातीय जनसंख्या के आंकड़े का जो पिटारा बिहार से खुला है। वह आगामी चुनावों को निश्चित रूप से प्रभावित करेगा। इसे मंडल और कमंडल के बीच की जंग भी माना जा रहा है। जाति आधारित राजनीति मंडल कमीशन के बाद 1990 के दशक में शुरू हुई थी। 1990 में ही कमंडल की राजनीति राम मंदिर के नाम पर शुरू हुई थी। राम मंदिर का मुद्दा धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ था। राम मंदिर को लेकर हिंदुत्व का ध्रुवीकरण कर चुनावी लाभ, भारतीय जनता पार्टी ने पिछले कई चुनाव में उठा लिया है। जाति जनगणना बिहार में हुई है। उसके बाद सभी गैर भाजपाई दलों में जनसंख्या के आधार पर हिंदुओं को विभक्त करने की नई प्रतिक्रिया शुरू हुई है। अभी तक मुस्लिम और ईसाइयों को धार्मिक आधार पर हिंदू नहीं माना जाता था। जैन, बौद्ध,सिख सभी को हिंदू आबादी का अंग मानलिया गया था। धार्मिक आधार पर ही इनका धुर्वीकरण होता था। भारत में मर्यादा पुरुषोत्तम राजा राम सामाजिक व्यवस्था में सभी वर्गों के लिए स्वीकार्य थे। राम मंदिर आंदोलन में सभी जाति वर्ग के लोगों की आस्था रामराज पर थी। जातीय जनगणना के आधार पर अब हिंदुओं को विभक्त करने की गैर भाजपाई दलों की सुनियोजित रणनीति है। सनातन और हिंदुओं के नाम पर एक नया जातीय और धार्मिक ध्रुवीकरण किए जाने के प्रयास, पक्ष और विपक्ष में शुरू हो गए हैं। आने वाले चुनाव में निश्चित रूप से इसका असर चुनाव परिणाम में देखने को मिलेगा। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर हमला बोला है। उससे स्पष्ट है, कि आगामी चुनाव में जाति जनगणना का यह मामला भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों के बीच वोटो के बंटवारे के रूप में नया धुर्वीकरण होने जा रहा है। आरक्षण को लेकर पक्ष और विपक्ष के बीच में एक नई जंग छिड़ चुकी है।

## क्षमा भाव आत्मसात करें

बुद्धि का अर्थ है नीर-क्षीर विवेक करने वाली शक्ति और ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा पदार्थ को जान लेना। ज्ञान का अर्थ है आत्मा तथा भौतिक पदार्थ के अन्तर को जानना। आधुनिक शिक्षा में आत्मा के विषय में कोई ज्ञान नहीं दिया जाता, केवल भौतिक तत्वों तथा शारीरिक आवश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है। फलस्वरूप शैक्षिक ज्ञान पूर्ण नहीं हैं। असम्मोह अर्थात संशय तथा मोह से मुक्ति तभी प्राप्त हो सकती है, जब मनुष्य झिझकता नहीं और दिव्य दर्शन को समझता है। वह धीरे-धीरे निश्चित रूप से मोह से मुक्त हो जाता है। क्षमा का अभ्यास करना चाहिए। मनुष्य को सहिष्णु होना चाहिए और दूसरों के छोटे अपराध क्षमा कर देना चाहिए। सत्यम का अर्थ है तथ्यों को सही रूप में अन्यों के लाभ के लिए प्रस्तुत किया जाए। तथ्यों को तोड़ना-मरोड़ना नहीं चाहिए। सामाजिक प्रथा के अनुसार कहा जाता है कि वही सत्य बोलना चाहिए, जिससे दूसरे लोग समझ सके कि सच्चाई क्या है। कोई चोर है और यदि लोगों को सावधान कर दिया जाये कि अमुक व्यक्ति चोर है, तो यह सत्य है। यद्यपि सत्य कभी-कभी अप्रिय होता है, किन्तु कहने में संकोच नहीं करना चाहिए। सत्य की मांग है कि तथ्यों को यथारूप में लोकहित के लिए प्रस्तुत किया जाए। यही सत्य की परिभाषा है। दम का अर्थ है इन्द्रियों को व्यर्थ विषयभोग में न लगाया जाए। अनावश्यक इन्द्रियभोग आध्यात्मिक उन्नति में बाधक है। मन पर भी अनावश्यक विचारों के विरुद्ध संयम रखना चाहिए। इसे शम कहते हैं। मनुष्य धन-अर्जन के चिन्तन में ही सारा समय न गवाए। यह चिन्तन शक्ति का दुरुपयोग है। मन का उपयोग मनुष्यों की मूल आवश्यकताओं को समझने के लिए किया जाना चाहिए। साधुपुरुषों, गुरुओं महान विचारको की संगति में रहकर विचार-शक्ति का विकास करना चाहिए। जो कुछ कृष्णभावनामृत के विकास के अनुकूल हो, उसे स्वीकार करे और जो प्रतिकूल हो, उसका परित्याग करे।

# भारतीय देशभक्त सिखों को मत जोड़ो खालिस्तानियों से

आर.के. सिन्हा

इधर हाल के दौर में कनाडा, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया वगैरह देशों में मुट्ठीभर सिरफिरे खालिस्तानियों की हरकतों को भारत के सामान्य राष्ट्र भक्त सिखों से जोड़ना वास्तव में किसी अपराध से कम नहीं माना जाएगा। भारत के सिखों की भारत को लेकर निष्ठा पर प्रश्न चिन्ह लगाने का सवाल ही पैदा नहीं होता। सिख पंथ की स्थापना ही राष्ट्र पर जी जान न्योछावर करने के संकल्प के साथ हुई थी। भारत के चौतरफा विकास में सिखों को उल्लेखनीय योगदान रहा है। यह याद रखा जाए कि देश के बंटवारे के समय मोहम्मद अली जिन्ना ने सिखों के सामने पृथक राष्ट्र का प्रस्ताव भी रखा थ जिसे उन्होंने सिरे खारिज कर दिया था। उसके बाद वे अपना सब कुछ छोड़कर भारत आ गए थे। यह मानना होगा कि संसार के किसी भी कोने में जाने वाले या रहने वाले सिख भारत के ही ब्रॉड एँबेसेडर हैं। दुनिया के किसी भी भाग में बसा सिख भारत को ही अपनी मातृभूमि और पुण्यभूमि मानता है। सिख समुदाय भारत की टीमों को ही सदा चीयर करता है।

मुझे लगता है कि भारतवंशियों के लिए भारत मात्र एक भौगोलिक एन्टिटी ( भौगोलिक वास्तविकता ) ही नहीं है। यह तो समझना होगा। अगर बात सिखों की करूं तो भारत सिखों के लिए तो गुरुघर है। इसलिए इसके प्रति उनकी अलग तरह की निष्ठा तो रहती ही है। शेष भारतवंशियों के संबंध में भी कमोबेश यही कहा जा सकता है। इसलिए वे केन्या, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन वगैरह में बसने के बाद भी अपने को भारत से दूर नहीं कर पाते। सिखों को भी भारत दिल से ही चाहता है। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर, पटना साहिब गुरुद्वारा और देश के सैकड़ों गुरुद्वारों में रोज लाखों लोग लंगर का सेवन करते हैं। जो पूरे विश्व में एक मिसाल है। सिखों में सेवा का भाव वास्तव में अदभुत है। आपको भारत के हरेक क्षेत्र में सिख अपना योगदान देते हुए मिलेंगे।

अब आप दिल्ली के समाजसेवी जितेन्द्र सिंह शंटी को ही लें। शंटी लगभग तीन दशकों से दिल्ली और इसके आसपास के शहरों में लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने कोविड काल में अपने हाथों से दर्जनों अभागे लोगों का अंतिम संस्कार करवाया था। उस समय उन्हें और उनके परिवार के कई सदस्यों को भी कोविड हो गया था। पर वे हार मानने वाले कहां थे। वे कोविड को हराने के बाद फिर से सड़कों पर उतर गए थे। पदमश्री पुरस्कार विजेता शंटी ने रक्त दान का सैकड़ा भी बना लिया है। अर्पणा कौर भी भारतीय समकालीन कला जगत की सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनकी कूची 1984 के सिख विरोधी दंगों और वृन्दावन की विधवाओं पर खूब चली है। अर्पणा कौर के चित्रों में बुद्ध, बाबा नानक और सोहनी-महिवाल भी मिलेंगे। उनके चित्रों में स्त्री पात्र खूब मिलते हैं। अपर्णा कौर का बचपन से ही कला के प्रति रुझान था,उनका रुझान कविता साहित्य रचना में था , संगीत में भी दिलचस्पी रखतीं थीं।अर्पणा कौर को बचपन से ही खुले विचारों वाले माहौल के साथ संगीत, नृत्य, साहित्य और चित्रकारी का सांस्कृतिक परिवेश भी मिला। नौ वर्ष की आयु में उन्होंने तेल रंग में %मदर एंड डॉटर%चित्र बनाया जो अमृता शेरगिल की कलाकृति से प्रभावित था। भारत के नामचीन सिखों की बात होगी करीब तीन साल पहले बिजनेस की दुनिया से रिटायरमेंट ले लेने वाले पीआरएस ओबराय की चर्चा करनी होगी। ओबराय की निगरानी में राजधानी में ओबराय इंटरकांटिनेंटल होटल 1965 में बना था। उन्हें भारत की होटल इंडस्ट्री का गॉड फादर माना जा सकता है। उन्होंने कुछ साल पहले ओबराय इंटरकांटिनेंटल को नये सिरे से विकसित करवाया। मुंबई का दि ट्राइडेंट होटल 26/11हमले में बर्बाद हो गया था। पर ओबराय के बाते विक्की ओबेराय ने उसे राख के ढेर से फिर खड़ा किया। इस सूची में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी, भारतीय हॉकी टीम के दो पूर्व कप्तानों क्रमश- हरबिंदर सिंह तथा अजीत पाल सिंह का नाम छोड़ा नहीं जा सकता। इन तीनों ने भारत क्रिकेट और हॉकी टीमों की कप्तानी की है। लाजवाब फारवर्ड हरबिंदर सिंह 1964 के टोक्यो ओलंपिक खेलों में गोल्ड मेडल विजयी भारतीय टीम के सदस्य थे। अजितपाल सिंह की कप्तानी में भारत ने 1975 में वर्ल्ड कप जीता था। अपोलो टायर्स के चेयरमेन ओंकार सिंह कंवर 1947 में सीमा के उस पार से अपने पिता सरदार रौनक सिंह की गोद में आये थे। कंवर के पिता ने बिजनेस के संसार में दस्तक दी। उसे कंवर आगे लेकर गये। वे फिक्की के अध्यक्ष भी रहे। अपोलो टायर्स की दो फैक्ट्रिया नीदरलैंड और हंगरी में भी हैं। अपोलो टायर्स दुनिया की चोटी की टायर कंपनियों में से एक है।

आपने हाल ही में राजधानी में संपन्न हुए जी-20 देशों के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राजघाट में एक सिख सज्जन को गर्मजोशी से मिलते हुए देखा होगा। उनका नाम है अजय बंगा। वे विश्व बैंक के अध्यक्ष हैं। वे इससे पहले अमेरिका की चोटी की मास्टर कार्ड नामक कंपनी के सीईओ पद पर आसीन थे। वे मूलत- और अंतत- भारतीय हैं। सेंट स्टीफंस कॉलेज से इक्नोमिक्स आनर्स करने वाले बंगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा के समय उनसे मिले थे। बंगा को बैंकिंग और फाइनेंस की दुनिया का एक्सपर्ट माना जाता है। बंगा को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी ट्रेड पॉलिसी से जुड़ी सलाहकार टीम में लिया था। अगर बात अजय बंगा के पिता हरभजन सिंह बंगा की करें तो वे भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने 1962,1965 और 1971 की जंगों में शत्रु के दांत खट्टे कर दिए थे। अजय बंगा का परिवार बहुत आस्थावान सिख हैं। अजय बंगा जब भी भारत आते हैं, तो गुरुद्वारा बंगला साहिब और गुरुद्वारा सीसगंज मत्था टेकने अवश्य जाते हैं। इसी तरह भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह का भी सारा भारत एक अर्थशास्त्री के नाते सम्मान करता है। वे भारत में आर्थिक उदारीकरण को लागू करने वालों में से थे। दरअसल भारत और सिख एक दूसरे के पर्याय हैं। सिखों के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सारा भारत सिखों के प्रति स्नेह और सम्मान का भाव रखता है। भारत के सिखों को खालिस्तान से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। इनमें से ज्यादा ड्रग तस्करी में लगे हैं और उन्होंने खालिस्तान का चोला ओढ़ रखा है। इस तथ्य को समझना ही होगा।

# नए भारत के सामने नई चुनौतियां हैं, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में

विजय गर्ग

तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य में, शिक्षा क्षेत्र गहन परिवर्तन का अनुभव कर रहा है। यह परिवर्तन भारत जैसे देश के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां शिक्षा अपनी बढ़ती आबादी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बर्लिंगटन इंग्लिश ने स्कूनूज़ के सहयोग से हाल ही में अनलॉकिंग सक्सेस- टर्निंग पॉलिसी एंड फ्रेमवर्क्स इनटू रियल-वर्ल्ड एक्शन शीर्षक से एक अभूतपूर्व रिपोर्ट जारी की। यह रिपोर्ट भारत में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के कार्यान्वयन के लिए एक आकर्षक रोडमैप प्रस्तुत करती है। देश भर के शिक्षकों से अंतर्दृष्टि प्राप्त करके और व्यावहारिक टूलकिट की पेशकश करके, इसमें भारत में स्कूली शिक्षा परिदृश्य को बदलने, इसे और अधिक समावेशी, अभिनव और भविष्य के लिए तैयार करने की क्षमता है। यह रिपोर्ट भारत के छह राज्यों के 1000 से अधिक स्कूल शिक्षकों के अनुभवों और दृष्टिकोणों से अंतर्दृष्टि प्राप्त करते हुए, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा ( एनसीएफ ) कार्यान्वयन रोडमैप पर प्रकाश डालती है। इस रिपोर्ट के मुख्य निष्कर्ष इस बात पर चर्चा करते हैं कि इसमें भारत में स्कूली शिक्षा में क्रांति लाने की क्षमता कैसे है। रिपोर्ट की सबसे सम्मोहक अंतर्दृष्टि में से एक सीखने की यात्रा के एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में असफलता की गुंजाइश को अपनाने पर जोर देना है। यह परिप्रेक्ष्य शिक्षकों और छात्रों के विफलता को एक अवसर में बदलने के तरीके में बदलाव को प्रोत्साहित करता है। यह मानसिकता बदलाव छात्रों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में मौलिक है। इसके अलावा, यह अंग्रेजी के महत्व को स्वीकार करता है और इसे एक ऐसा कौशल मानता है जो भारत और विदेशों में रोजगार में मदद करता है। रिपोर्ट में छात्रों पर बोझ कम करने के लिए दो-भाषा व्यवस्था का सुझाव दिया गया है। रिपोर्ट की एक ताकत व्यापक शोध में निहित है।च-12 डोमेन में फैले 1000 से अधिक शिक्षकों से एकत्रित अंतर्दृष्टि भारतीय शिक्षा प्रणाली के भीतर चुनौतियों और अवसरों की व्यापक समझ प्रदान करती है। यह विविध नमूना आकार सुनिश्चित करता है कि रिपोर्ट की सिफारिशें सभी स्तरों पर शिक्षकों द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविकताओं पर आधारित हैं। रिपोर्ट कई प्रमुख विषयों को संबोधित करती है जो भारत में शिक्षा के भविष्य को आकार देने के लिए महत्वपूर्ण हैं- फ्यूचर स्कूल की अवधारणा शैक्षिक संस्थानों को तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य के अनुरूप ढालने की आवश्यकता का पता लगाती है। यह छात्रों को एक ऐसी दुनिया के लिए तैयार करने के लिए नवीन शिक्षण विधियों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को शामिल करने के महत्व पर जोर देता है जो एक दशक पहले की दुनिया से काफी अलग है। यह स्वीकार करते हुए कि शिक्षक किसी भी शैक्षिक प्रणाली की रीढ़ हैं, रिपोर्ट शिक्षकों को आवश्यक संसाधन, प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाना महत्वपूर्ण है।

इन प्रमुख विषयों को कार्रवाई योग्य चरणों में अनुवाद करने के लिए, रिपोर्ट कक्षा कार्यान्वयन के लिए डिज़ाइन किए गए आठ आवश्यक कार्य बिंदु और तीन प्रोजेक्ट टूलकिट प्रदान करती है। ये व्यावहारिक उपकरण शिक्षकों को उनकी कक्षाओं को गतिशील शिक्षण वातावरण में बदलने के लिए आवश्यक संसाधनों और रणनीतियों से लैस करते हैं। यह व्यावहारिक दृष्टिकोण नीति और व्यवहार के बीच के अंतर को पाटता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि एनसीएफ प्रभावी ढंग से लागू हो। यह रिपोर्ट न्यू इंडिया के शैक्षिक परिदृश्य के लिए विशेष रूप से उपयुक्त है, जो नवाचार, समावेशिता और उत्कृष्टता की आकांक्षा की विशेषता है। रिपोर्ट एनसीएफ के अनुरूप हैरिपोर्ट सीधे एनसीएफ को संबोधित करती है, इसकी सिफारिशों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति ढांचे के साथ संरेखित करती है। यह सुनिश्चित करता है कि इसकी अंतर्दृष्टि को मौजूदा शैक्षिक संरचना में निर्बाध रूप से एकीकृत किया जा सकता है। अनुकूली मूल्यांकन और शिक्षक सशक्तिकरण पर जोर शिक्षा में समावेशिता को बढ़ावा देता है, जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में छात्रों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करता है।

# क्या ऐसे ही न्यूज को क्लिक किया जाता है भाई ?

राकेश अचल

हमारी सरकार अब न्यूज क्लिक करना सीख गयी है । सरकार को हर न्यूज में दिलचस्पी रहती है क्योंकि हर न्यूज सरकार का बल्ब फ्यूज करने का काम करती है। इस बार सरकार के निशाने पर सचमुच में न्यूज क्लिक ही है। सरकार यानि दिल्ली पुलिस ने न्यूज क्लिक के सौ से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की और न्यूज के तमाम स्त्रोतों से जुडी सामग्री को अपने कब्जे में ले लिये। इतना ही नहीं ऐसा करने के बाद न्यूज क्लिक करने वाले उर्मिलेश और अभिसार को भी पूछताछ के लिए अपना मेहमान बना लिया। न्यूज़क्लिक पर बड़ा संगीन आरोप है कि उसने हमारी संप्रभु सरकार के खिलाफ काम करने के लिए चीन से 38 करोड़ रुपया हासिल किया। पुलिस की इस कार्रवाई को पूरा मीडिया जगत अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला मान कर चल रहा है ,लेकिन मुझे लगता है कि इस कार्रवाई का मकसद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का इस्तेमाल करने वाले तमाम लोगों को हड़काने भर की है ,क्योंकि पांच राज्यों के चुनाव सर पर हैं और कुछ ही महीने बाद आम चुनाव भी होना है। न्यूज क्लिक के बारे में कुछ बताने की जरूरत नहीं है क्योंकि बीते 24 घंटे में मीडिया में दिलचस्पी रखने वाले अधिकांश लोग सर्च इंजिनों के जरिये न्यूज क्लिक को खंगाल चुके हैं। न्यूज क्लिक में जाहिर है कि केवल और केवल न्यूज बनती है, और बेचीं जाती है।

न्यूज क्लिक पर जो आरोप हैं वे एकदम ताजा नहीं हैं । दो साल पुराने है । पुलिस चाहती तो दो साल में इस मामले को दाखिल दफतर कर सकती थी या जो कार्रवाई उसने मंगलवार को की उसे पहले ही अंजाम दे सकती थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को ऐसे ही संगीन मामले कार्रवाई के लिए सौंपे जाते हैं। दिल्ली पुलिस की तारीफ़ करना चाहिए कि उसे जो टास्क दिया जाता है उसे वो प्राणपण से पूरा करने की कोशिश करती है । दिल्ली पुलिस को मीडिया कि अभिव्यक्ति की आजादी - वाजादी से कुछ लेना-देना नहीं है । उसे तो अपने आकाओं के हुक्म को तामील करना है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने राजधानी दिल्ली और उससे सटे एनसीआर में न्यूज क्लिक वेबसाइट के पत्रकारों के ठिकानों पर रेड डाली व न्यूज़क्लिक का दफ्तर सील कर दिया. यह कार्रवाई फॉरेन फंडिंग के मामले में यूएपीए के तहत की जा रही है। देश में मीडिया को विदेशी पूँजी निवेश की छोट है। ये छोट भी सरकार ने दी ह। आप 26 फीसदी विदेशी निवेश ले सकते हैं ,लेकिन सरकार को उखड फेंकने के लिए इस निवेश का इस्तेमाल करेंगे तो पकडे जायेंगे। न्यूज क्लिक पर आरोप है कि उसने बजरिये अमरीका चीन से 38 करोड़ रूपये लेकर अपनी बेव साईट के जरिये देश में सरकार विरोधी माहौल बनाना शुरू किया। अब भला कोई भी सरकार ये कैसे बर्दाश्त कर सकती ह। कांग्रेस की सरकार भी होती तो वो भी यही सब करती जो भाजपा की सरकार यानि उसकी पुलिस कर रही है।

देश में इससे पहले भी पुलिस इसी तरह के मामलो में कार्रवाई कर चुकी है । मुझे याद नहीं आता कि किसीको भी फांसी पर चढ़ाया गया हो । सरकार सिर्फ धमकाती है, आँखें दिखाती है और सब कुछ भूल जाती है। न्यूज क्लिक के प्रबीर पुलकायस्थ को भी फांसी पर नहीं चढ़ाया जायेगा । अभिसार और उर्मिलेश जी भी जल्द ही घर आ जायेंगे ,लेकिन तब तक देश के मीडिया को ये सन्देश दे दिया जाएगा कि कृपया सरकार के पक्ष में वातावरण नहीं बना सकते तो खिलाफ में भी मत बनाइये। और मुझे लगता है कि सरकार का मकसद पूरा हो चुका है। सरकार की कार्रवाई के विरोध में जिन्हें बोलना था वो बोल रहे हैं और जिन्हें खामोशी अख्तियार करना थी वो ख़ामोशी की चादर ओढ़ चुके हैं उनसे बोलने की अपेक्षा भी नहीं की जाना चाहिए।

देश को यदि न्यूज क्लिक के खिलाफ की जा रही कार्रवाई आपातकाल की आहट लगती है तो उसे सावधान हो जाना चाहिए और नहीं लगती तो मौज करना चाहिए। पिछले एक दशक में देश का मीडिया जिस तरीके से वातसल्य भाव से काम कर रहा है वो किसी से छिपा ही नहीं है। ऐसे में न्यूज क्लिक जैसी संस्थाओं की सक्रियता को ये देश आखिर कैसे बर्दाश्त कर सकता है ?अभिव्यक्ति की आजादी की रक्षक तमाम संस्थाओं को पहचानने का ये सही समय है। इस समय जो मौन है और जो मुखर है पहचाना जाएगा। शर्त एक ही है कि साधन और साध्य की पवित्रता का ख्याल मीडिया खुद रखे। अपनी वेबसाइट चलने के लिए फंडिंग के लिए चीन जाने कि क्या जरूरत है,अमेरिका से पैसे लेने की क्या जरूरत है । अपने ही देश की जनता के पास इतना पैसा है कि आपका काम चल जाएग। मेरा तो चल रहा है । मै अपने पाठकों से रोजाना केवल एक रुपया लेता हूँ। जिनके पास नहीं है उन्हें अपनी सामग्री मुफ्त भी देता हूँ। इसके बावजूद मुझे भी पुलिस जिस दिन आका का हुक्म होगा उस दिन उर्मिलेश और अभिसार की तरह उठा लेगी। पुलिस को अपना काम करने दीजिये । आप यानि मीडिया अपना काम करे । क़ानून अपना काम करता ही है। क़ानून का दखल न होता तो न्यूज क्लिक की पूरी टीम पहले ही गिरफ्तार की जा चुकी होती। कुछ समय पहले क़ानून ने ही इस मामले में गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी देश में पिछले दरवाजे से आपातकाल आज नहीं आ रहा उसे आये एक दशक होने को है। वो तो गनीमत है कि सरकार उदार है अन्यथा इंदिरा गाँधी कि तरह आज के माहौल में कभी का आपातकाल लगा चुकी होतीं। देश के वैकल्पिक मीडिया की हर न्यूज जब क्लिक होती है तब -तब सरकार की एक न एक ईंट कमजोर होती है इसलिए ये संघर्ष भी सनातन ही समझिये। सरकार को अपना काम करने दीजिये ,आप अपना काम कीजिये। सरकार कि अक्ल अपने आप ठिकाने लग जाएगी। आखिर सरकार है तो पूर्णत- स्वदेशी । उसे तो किसी दूसरे देश की सरकार या जनता ने तो फंडिंग नहीं की। सरकार की सारी फंडिंग अडानी और अम्बानी जैसे स्वदेशी लोग करते हैं। अमेरिका के नेविल राय सिंघम नहीं।

आपको याद होगा कि एक महीने पहले लोकसभा में भी न्यूजक्लिक का मुद्दा उठाया गया था। 7 अगस्त 2023 को बीजेपी सासंद निशिकांत दुबे ने कहा था कि न्यूजक्लिक को चीन से फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा था कि फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा , ।था कि फंडिंग मिल रही है. उन्होंने कहा था कि न्यूजक्लिक देश विरोधी है. निशिकांत ने मीडिया पोर्टल पर चाइनीज फंडिंग से सरकार के खिलाफ माहौल बनाने का आरोप लगाया था। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि द न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे अखबार भी स्वीकार कर रहे हैं कि नेविल रॉय सिंघम और उनका न्यूज क्लिक चीन की कम्युनिस्ट.पार्टी ( सीपीसी ) के खतरनाक हथियार हैं और दुनिया भर में चीन के राजनीतिक एजेंडे को बढ़ावा दे रहे हैं।

# अग्निपरीक्षा का दौर -मोदी मैजिक और विधानसभा चुनाव.... ?

ओम प्रकाश मेहता

देश की राजनीति में इन दिनों अग्नि परीक्षा का दौर शुरू हो गया है, देश के पांच प्रमुख राज्यों में लोकसभा चुनावों से पहले विधानसभा चुनाव होंगे, जिनके परिणाम लोकसभा चुनावों के परिणामों की झलक प्रस्तुत करेंगे, इस बार जहां देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी को अपने नेता नरेंद्र भाई मोदी के मैजिक पर पूरा भरोसा है, वहीं प्रतिपक्षी कांग्रेस को भारतीय राजनीति की उस परंपरा पर भरोसा है, जिसमें सत्ता के लिए एक दशक की अवधि लगभग निश्चित हो गई, जिसके तहत कांग्रेस के डॉक्टर मनमोहन सिंह 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे और अब मौजूदा प्रधानमंत्री जी के शासन का दसवां साल चल रहा है और पांच राज्यों की विधानसभाओं के बाद लोकसभा चुनाव सामने है, अब इस संक्रमण व चुनौतीपूर्ण दौर में कौन मीर सिद्ध होता है ? यही आज की मुख्य चिंता भरा प्रश्न है ? भारतीय जनता पार्टी का जहां तक सवाल है उसकी आस्था, विश्वास और भविष्य सिर्फ और सिर्फ मोदी पर केंद्रित है, जबकि प्रतिपक्षी दलों के संगठन इंडिया को अपनी एकता पर। अब चुनाव तक यह इंडिया एकजुट रह पाता है या नहीं ? इस पर भी राजनीति जारी है। यदि हम आजादी के बाद के इतिहास को उठाकर देखें तो आजादी के बाद करीब 17-17 साल जवाहरलाल और उनकी बेटी इंदिरा जी प्रधानमंत्री रहे, इनके बाद राजीव जी ने सत्ता संभाली और उसके बाद करीब एक दशक कांग्रेस सत्ता से बाहर रही और 2004 में पुन कांग्रेस के श्री मनमोहन सिंह जी एक दशक तक प्रधानमंत्री रहे और उनके बाद एक दशक नरेंद्र भाई मोदी पूरा करने जा रहे हैं और इसी माह के अंत या अगले माह के प्रारंभ में पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद अगले वर्ष के प्रारंभ में लोकसभा के चुनाव होंगे।

आज की राजनीति का इसलिए सबसे अहम सवाल यही है कि क्या मोदी जी का मैजिक ( जादू ) पांच राज्यों की विधानसभा चुनावों पर भी चल पाएगा ? क्योंकि लोकसभा चुनाव के चंद दिनों पहले ही यह चुनाव होने जा रहे हैं, इसीलिए इन विधानसभाओं के चुनाव परिणाम लोकसभा चुनाव परिणामों के संकेत तो होंगे ही और इनके परिणामों से भारत का भावी राजनीतिक भविष्य भी तय हो जाएगा। यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि मोदी मैजिक का असर राज्यों में भी विद्यमान है या खत्म हो गया ? क्योंकि अब वह पुरानी धारणा राजनीति में प्रामाणिक नहीं रही की पंचायत के चुनाव गांवों पर, विधानसभा चुनाव विधानसभा क्षेत्रों और लोकसभा चुनाव देश की राजनीतिक हालातो पर निर्भर रहते हैं, अब तो पंचायत चुनाव भी देश के राजनीतिक भविष्य के आधार पर लड़े जाने लगे हैं और मतदाताओं की भी राजनीतिक सोच का भी विस्तार हो चुका है। अब मौजूदा हालातो में इसीलिए यह सवाल उठाए जा रहा है कि क्या विधानसभा चुनावों में भी मोदी मैजिक काम करेगा या नहीं ? क्योंकि मोदी पर भरोसा करके चुनावी राज्यों के नेता भी बेफिक्र और निष्क्रिय होकर समय का रुख देख रहे हैं, अब यह परिदृश्य सत्तारूढ़ भाजपा के लिए कितना आशाप्रद सिद्ध हो होगा ? यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु हाल ही में संपन्न कुछ चुनावों के परिणाम यह आवश्यक संकेत दे रहे हैं कि मोदी के मैजिक का असर अब दिनों-दिन काम हो रहा है और क्योंकि विधानसभाओं व लोकसभा चुनावों में बहुत ही थोड़ा समय शेष बचा है, इसीलिए भावी चुनाव परिणामों को लेकर आशंकाएं बढ़ती ही जा रही है। लेकिन यह भी तय है कि यह राज्य विधानसभाओं के चुनाव देश के साथ कई राजनीतिक दलों को परिणाम के आईने में उनका चेहरा दिखाने में भी सफल सिद्ध होंगे। इन पांच राज्यों में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान इस दिशा में अति महत्वपूर्ण दायित्व निभाने वाले हैं

# संक्षिप्त समाचार

## भैंसोर नदी से दबंगों का कब्जा हटाकर पुनर्जीवित किया जाए

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन चढूनी की बैठक मंगलवार को तहसील परिसर में आयोजित की गई। इसमें किसानों की प्रमुख समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। साथ ही दबंगों का हटाकर भैंसोर नदी को पुनर्जीवित करने की मांग की गई। जिला उपाध्यक्ष आसिम उमर ने कहा कि बिल्सी क्षेत्र में बहने वाली भैंसोर नदी पर दबंगों ने अपना कब्जा कर रखा है, यह नदी कभी किसानों के लिए सिंचाई का साधन हुआ करती थी। उन्होंने इसको पुनर्जीवित करने की मांग की। जिला महासचिव कृष्ण अवतार शाक्य ने कहा कि जिले भर में चकमार्ग पर अवैध कब्जे हैं। प्रशासनिक अधिकारी मौन हैं। तहसील अध्यक्ष नत्रू सैफी ने कहा कि गांवों में आवारा गोवंश से किसान काफी दुखी हैं लेकिन जिम्मेदार गोवंश को गोआश्रय स्थलों में नहीं पहुंचा रहे है, जिस कारण फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि बिल्सी नगर, खैरी और सिरसौल गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषाहार का वितरण नहीं हो रहा है। बिल्सी तहसील में किसान की समस्याओं को नहीं सुना जा रहा। बैठक के बाद एसडीएम को आठ सूत्री मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया। चेतावनी दी गई कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो भाकियू चढूनी तहसील पर अनिश्चितकालीन धरना देगी। इस मौके पर अजीत माहेश्वरी, रहीस अहमद, जफर अली, पूरन लाल कश्यप, मीना देवी, शिव देवी, ओमवती, रेहाना बेगम, उदयपाल, नन्दकिशोर आदि मौजूद रहे।

## सभासदों का इस्लामनगर पंचायत की अध्यक्ष पर गबन का आरोप

बदायूं। इस्लामनगर नगर पंचायत की अध्यक्ष पर पूर्व और मौजूदा कार्यकाल में करोड़ों रुपये के गबन का आरोप लगा है। इसको लेकर सभासद डीएम से मिलने पहुंचे। डीएम के न मिलने पर उन्होंने एडीएम को शिकायती पत्र दिया। जिसमें सभासदों ने उनके पूर्व और मौजूदा कार्यकाल में कराए गए कामों की जांच कराने की मांग की। आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत नाजिम, उनके पति मुशाहिद अली व कुछ सभासदों द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप काम नहीं किया जा रहा। उनके स्तर से शासन की योजनाओं को विफल करने का प्रयास किया जाता है। यहां तक कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में भी वह अनुपस्थित रहीं। आरोप है कि इसके अलावा उनके स्तर से राजकीय धनराशि का गबन किया गया है। इस्लामनगर में हर माह तीन लाख रुपये डीजल पर व्यय होते है। जबकि अन्य सभी नगर पंचायतों में यह धनराशि आधे से भी कम है। पिछले पांच सालों में ही डीजल खर्च के नाम पर उनके द्वारा करीब 1.25 करोड़ रुपये का गबन किया गया है। आरोप है कि डीजल की खरीद चेयरमैन के पति के सगे भाई के पेट्रोल पंप से की जाती है। जिस कारण भ्रष्टाचार का खेल लोगों के सामने नहीं आ पाता। साथ ही नालों की सफाई पर 30 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। जिसका टेंडर किसी फर्जी कंपनी को दिया गया। नगर पंचायत में हर साल कागजों में 1000 से 1200 स्ट्रीट लाइट खरीदी जाती हैं। ऐसे में पिछले पांच सालों में लाइट खरीद के नाम पर ही करोड़ों रुपये का गबन किया गया है। एडीएम को ज्ञापन देने वालों में राजू कुमार, मुकेश कुमार, विनोद शास्त्री, निखिल कुमार, देवेंद्र आदि शामिल रहे।

## पेट्रोल पंप सेल्समैन से मांगी रंगदारी, न देने पर मारपीट

बदायूं। बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव दिधौनी के पास संचालित पेट्रोल पंप के सेल्समैन हबीब पुत्र जान मोहम्मद से गांव के ही रवि ने पेट्रोल लेने के बाद रुपये नहीं दिए। मांगने पर सेल्समैन से हर माह पांच हजार रुपये के पेट्रोल की मांग की। धमकी दी कि अगर उसने ऐसा नहीं किया तो वह उसे एससीएसटी एक्ट के मुकदमे में जेल भिजवा देगा। सेल्समैन से मारपीट भी की गई। रवि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। बिल्सी कस्बे के वार्ड नंबर एक के रहने वाले विष्णु असावा का थाना क्षेत्र के गांव दिधौनी में पेट्रोल पंप है। गांव का ही रवि आए दिन बाइक में पेट्रोल डलवाकर रुपये नहीं देता था। रविवार को रवि बाइक लेकर आया और पेट्रोल डालने को कहा, लेकिन इस बार सेल्समैन हबीब ने मना कर दिया। इस पर रवि गाली-गलौज करने लगा। उसने धमकी देने के साथ मारपीट भी की। पंप स्वामी विष्णु असावा ने बताया कि रवि का पूरे इलाके में आतंक है। वह इसी तरह से लोगों को धमकाकर रंगदारी लेने का काम करता है। सेल्समैन से मारपीट की उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करवा दी है।

## समाज में कई रूपों में घूम रहे मंथरा और रावण

बदायूं। श्री रामकृष्ण समिति के तत्वावधान में नगर के कछला रोड स्थित माहेश्वरी भवन में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन कथावाचक अयोध्यादास रामायणी ने रामकथा की शुरुआत कुंभकरण व मेघनाद वध से की। उन्होंने कहा कि समाज में कई रूपों में मंथरा और रावण घूम रहे हैं, उनसे सतर्क रहने की जरूरत है। कथावाचक ने राम-रावण युद्ध के बारे में कहा कि लंकापति रावण युद्ध करने के लिए रणभूमि पहुंचा। उसने राम की सेना के शामिल सभी योद्धाओं लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव, अंगद से संग्राम किया। अंत में श्रीराम-रावण के बीच युद्ध हुआ। भगवान राम ने रावण के दसों सिर काट दिए। उसके बाद भी जब रावण का वध नहीं हुआ, तो विभीषण ने श्रीराम को बताया कि रावण की नाभिकुंड में अमृत है। भगवान राम ने रावण की नाभि पर वार किया। नाभि में तीर लगते हुए रावण जमीन पर जा गिरा और उसकी मृत्यु हो गई। कथावाचक ने कहा कि भगवान राम ने रावण को मार दिया, लेकिन आज भी समाज में कई रूपों में मंथरा व रावण घूम रहे हैं। इनसे सदैव सतर्क रहने की जरूरत है। इस मौके पर नरेंद्र गरल, चन्द्रपाल तोन्गीवाल, सत्यपाल वार्ष्णेय, लोकेश बाबू, मनोज वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय, नीरज माहेश्वरी, दुर्गेश बाबू, आशीष वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

## स्वदेशी नस्ल की गाय पालने वालों को मिलेगी 15 हजार की प्रोत्साहन राशि

बदायूं। स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है। इसके लिए जनपद को वार्षिक 107 व मासिक 27 लाभार्थियों के चयन का लक्ष्य दिया गया है। 25 अक्तूबर तक लाभार्थियों का चयन किया जाना है। स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने वालों को 15 हजार की प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। जिला दुग्धशाला विकास अधिकारी डीपी सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार ने नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत आगामी पांच वर्षों में प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाए रखने का संकल्प किया है। इसके तहत स्वदेशी गायों जैसे गिर, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी तथा थारपारकर की नस्ल सुधार, उनकी बेहतर देखभाल, गुणवत्तायुक्त पोषण एवं स्वास्थ्य प्रतिरक्षा के प्रति प्रेरित करने, दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि कर पशुपालकों की आय में वृद्धि करने तथा प्रदेश में प्रतिवर्ष दुग्ध उपलब्धता बढ़ाकर राष्ट्रीय स्तर पर लाने के कार्य किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ग्रामों में दुग्ध सहकारी समितियां गठित कर दुग्ध उत्पादकों को ग्रामों में ही उनके दुग्ध के उचित मूल्य पर विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराए जाने का संकल्प किया गया है। उन्होंने बताया कि अधिकतम दो गायों के लिए एक बार प्रोत्साहन राशि 15 हजार रुपये का लाभ देय होगा। दुग्ध मिशन के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन अथवा सीडीओ व सीवीओ कार्यालय में ऑफलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

## युवक से मारपीट, रुपये छीनने का आरोप

बदायूं। सदर कोतवाली क्षेत्र के नाहर खां सराय मोहल्ले में रहने वाला जीशान पुत्र अफसर सोमवार शाम स्कूटी से घर लौट रहा था। रास्ते में उसे रोककर सात युवकों ने मारपीट की और पिस्टल दिखाकर रुपये छीन लिए। इस आशय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। वायरल वीडियो में युवक को छह सात युवक पीटते दिखाई दे रहे हैं। बीच सड़क पर हुई मारपीट के बाद भी किसी ने युवक को बचाने की हिम्मत नहीं की। मारपीट की सूचना पर युवक के परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। परिजनों को आते देख मारपीट करने वाले युवक भाग निकले। युवक ने तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में मंगलवार शाम तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका था। युवक का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई न कर फैसले का दबाव बना रही है। इंस्पेक्टर सदर कोतवाली विजेंद्र सिंह का कहना है कि दो युवकों को थाने लाया गया था, लेकिन दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

## रोडवेज बस ने ट्रैक्टर ट्राली में मारी टक्कर, दुर्घटना में पिता की मौत, बेटा जख्मी

अलीगढ़। बमनोई अकराबाद का 50 वर्षीय अशोक उर्फ पप्पू ट्रैक्टर ट्राली से धान लादकर धनीपुर मंडी ला रहा था। तभी बौनेर के पास पीछे से आ रही हरदोई डिपो की बस ने ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दी। अलीगढ़ महानगर के गांधीपार्क क्षेत्र के बौनेर के पास मंगलवार तड़के रोडवेज बस ने ट्रैक्टर ट्राली में हुई भिड़ंत में पिता की मौत हो गई, जबकि बेटा जख्मी हो गया। बताया गया है कि बमनोई अकराबाद का 50 वर्षीय अशोक उर्फ पप्पू ट्रैक्टर ट्राली से धान लादकर धनीपुर मंडी ला रहा था।

## संजय गांधी अस्पताल का ताला खुलेगा या नहीं

अमेठी। मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल के निलंबित लाइसेंस मामले की उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी लेकिन, सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की सुनवाई अब बुधवार को होगी है। फिलहाल सभी की निगाहें न्यायालय पर टिकी हुई हैं।

मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के रामशाहपुर निवासी दिव्या शुक्ला 14 सितंबर को पथरी का आपरेशन कराने गई थी। आपरेशन थियेटर में बेहोशी का इंजेक्शन देने के दौरान तबीयत बिगड़ने पर दिव्या को लखनऊ ले जाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर मृतका के परिजनों ने शव रखकर प्रदर्शन किया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। स्वास्थ्य विभाग ने मामले की जांच कराई। अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर सभी सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसके चलते अस्पताल बंद चल रहा है।

# पुराने रिकार्ड के आधार पर तय होंगे परीक्षा केंद्र

अमेठी। यूपी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय केंद्र नहीं बनाए जाएंगे, जिनकी छवि अच्छी होगी (वह विद्यालय परीक्षा केंद्र नहीं बनेंगे, जहां नकलची पकड़े गए होंगे। इसके लिए पांच साल पहले का डाटा खंगाला जाएगा। स्कूल में मौजूद सुविधाओं का सत्यापन संयुक्त टीम कर रही है तो बोर्ड भी गोपनीय जांच कराने में जुटा है। जांच के बाद कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। शैक्षिक सत्र में जिले में संचालित 36 राजकीय, 25 सहायता प्राप्त व 180 वित्तविहीन इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में 27,967 तथा इंटरमीडिएट के 20,105 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। कॉलेजों की ओर से परीक्षा केंद्र बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है। इसी बीच सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा की तैयारी में जुटा है। माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से केंद्र बनाने और बच्चों के आवेदन फार्म सही कराने सहित अन्य कार्यों को जल्द पूरा कराने में जुटा हुआ। बोर्ड परीक्षा केंद्र बनाए जाने के लिए परिषद की ओर से विद्यालयों से ऑनलाइन आवेदन मांगा गया था। केंद्र बनाए जाने से पहले जिलाधिकारी के निर्देशन में तहसील स्तर पर गठित त्रिस्तरीय टीम स्कूल में मौजूद सुविधाओं का सत्यापन करने में जुटी है। त्रिस्तरीय टीम माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड विद्यालय प्रांगण की फोटोग्राफ, विद्यालय की जिओ लोकेशन (अक्षांश एवं देशांतर) के साथ ही केंद्र पर फर्नीचर, शिक्षण कक्ष, पेयजल, प्रसाधन, शिक्षण कक्षों में दोनों तरफ सीसीटीवी कैमरा व वाइस रिकॉर्डर समेत मूलभूत सुविधाओं व सुरक्षा समेत अन्य बिन्दुओं की जांच कर रही है। बोर्ड कार्यालय की ओर से भी गोपनीय जांच भी कराई जा रही है। सचिव कार्यालय किसी भी दशा में नकल कराने वाले विद्यालय सेंटर नहीं बनाने की कोशिश में जुटा है।

## लेखपालों ने तहसील में दिया धरना, किया कार्य बहिष्कार

बदायूं। लेखपाल कुलदीप भारद्वाज को निलंबित करने के विरोध में लेखपालों ने धरना देकर प्रदर्शन किया। इसके बाद कार्य का भी बहिष्कार किया। इस दौरान उन्होंने तहसील स्तरीय 25 सूत्री मांगों को भी रखा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले चल रहे धरना-प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए श्योदान सिंह ने कहा कि हमारी सभी मांगें एसडीएम स्तर से निस्तारित होने योग्य हैं। आरोप लगाया कि एसडीएम ने तहसील मंत्री कुलदीप भारद्वाज को द्वेष भावना से प्रेरित होकर निलंबित किया है। एडीएम प्रशासन के जांच में कुलदीप को निर्दोष बताने पर भी उन्हें बहाल नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि निलंबन की कार्रवाई लेखपालों को प्रताड़ित करने व लेखपाल संघ को कमजोर करने के लिए की जा रही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भोजराज सिंह यादव, जिलामंत्री कमल कुमार सिंह, तहसील अध्यक्ष सत्येंद्र शाक्य, तहसील मंत्री कुलदीप भारद्वाज, रिजवान अली आदि मौजूद रहे।

# आईएस आतंकी रिजवान की गिरफ्तारी से फिर चर्चा में आजमगढ़

आजमगढ़। यह पहला मौका नहीं जब आजमगढ़ जिले के किसी आतंकवादी की गिरफ्तारी हुई हो। इसके पहले अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट, मुंबई ब्लास्ट, वाराणसी ब्लास्ट और टी-सीरीज कंपनी के मालिक गुलशन कुमार की हत्या और बाटला हाउस एनकाउंटर में भी आजमगढ़ के युवकों का नाम आया है। इतना ही नहीं कुछ दिन पूर्व एनआईए ने मुबारकपुर क्षेत्र से एक आतंकी सबाउद्दीन को गिरफ्तार भी किया था।

अब एक बार फिर रिजवान का नाम सामने आने के बाद जिला सुर्खियों में आ गया है। हालांकि रिजवान के आजमगढ़ निवासी होने की पुष्टि नहीं हो सकी। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) से कनेक्शन मामले में खुफिया एजेंसियों ने तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इसमें शामिल रिजवान को आजमगढ़ से जुड़ा बताया जा रहा है। लोग अपने-अपने तरह से रिजवान की गिरफ्तारी को लेकर चर्चा कर रहे हैं। बाटला कांड में जिले के कई युवा जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गए तो कई अभी भी फरार हैं। वहीं एक साल पूर्व ही आईएसआईएस से जुड़े आतंकी सबाउद्दीन को एनआईए ने मुबारकपुर से गिरफ्तार किया था। अब रिजवान का नाम सामने आया है।

एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि मोहम्मद रिजवान अशरफ पुत्र नजीब अशरफ निवासी खैलदार मोहल्ला मुस्लिम इंटर कॉलेज के पास फतेहपुर सिटी जनपद फतेहपुर का मूल निवासी है। वर्ष 2001 में जमातुल फला बिलरियागंज में एडमिशन लेकर 2008 तक अलीम कोर्स (इंटर के समक्ष) तक पढ़ाई पूरी करने के बाद वापस फतेहपुर चला गया। यह जानकारी मदरसा के प्रबंधक के द्वारा दी गई है।

# हड़ताल पर रहे ग्रामीण बैंक कर्मी, दस करोड़ का कारोबार प्रभावित

अमेठी। बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। इस दौरान जिले की 58 शाखाओं में पूरी तरह से काम काज ठप रहा। जिससे करीब दस करोड़ का कारोबार प्रभावित हुआ है। हड़ताल से बैंकों में सन्नाटा पसरा रहा, वहीं, पैसों की जमा निकासी व अन्य कार्य न होने से ग्राहकों में निराश होकर लौटना पड़ा। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्वाइंट फोरम आफ बड़ौदा यूपी बैंक यूनियन के बैनर तले जिले के बड़ौदा उत्तर प्रदेश बैंक के अधिकारी व कर्मचारी गौरीगंज स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर इकट्ठा हुए। जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। बड़ौदा यूपी बैंक के सभी नौ यूनियनों के संयुक्त मोर्चा की तरफ से बैंक अधिकारी व कर्मचारी हड़ताल पर रहे। फोरम का कहना है कि बैंक की शाखाओं को बंद करने का प्रस्ताव रद्द किया जाय और सभी पदों पर नियमानुसार नई भर्ती की जाए। बैंक कर्मियों का कहना है कि ज्वाइंट फोरम ने हड़ताल की नोटिस आठ सितंबर को दे दी थी। 25 सितंबर को बैंक के प्रधान कार्यालय पर धरना और तीन अक्टूबर को हड़ताल का कार्यक्रम घोषित किया गया था। ज्वाइंट फोरम की ओर से धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि तीन अक्टूबर को जिले की सभी शाखाओं पर हड़ताल के चलते काम ठप रहा। बैंक कर्मियों ने मांग संबंधी ज्ञापन क्षेत्रीय प्रबंधक को सौंपा। एलडीएम गणेश शंकर यादव ने बताया कि हड़ताल से ग्राहकों को दिक्कत जरूर हुई है। लेकिन, कितना लेनदेन प्रभावित हुआ है इसकी सही जानकारी अभी नहीं है। बैंक कर्मियों की माने, हड़ताल से करीब दस करोड़ का लेनदेन प्रभावित हुआ है।

## संदिग्ध अवस्था में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत

आजमगढ़। शहर के रैदोपुर क्षेत्र स्थित पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में तैनात एक कर्मचारी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। मंगलवार की सुबह लोगों को जानकारी हुई तो सूचना पुलिस व परिजनों को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अयोध्या जिले के खड़ासा थाना अंतर्गत नगवा गांव निवासी अनिल यादव (35) रैदोपुर स्थित पूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड कार्यालय में बतौर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात था। वह कार्यालय परिसर में स्थित आवास में रहता भी था। मंगलवार की सुबह अनिल अपने आवास में ही मृत हाल में पाया गया। लोगों की सूचना पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

# पितृपक्ष मेला से पिंडदान कर लौट रहे यात्रियों की बस की ट्रक से टक्कर; एक महिला की मौत, 12 घायल

बदायूं। एक यात्री ने बताया कि गया से हम लोग (65 यात्री) पिंडदान करने और काशी भ्रमण करने आए थे। हमारी बस की टक्कर ट्रक से हो गई, जिसमें 12 लोग घायल हो गए हैं। घटना के समय हम लोग सो रहे थे, जिस कारण समझ नहीं पाए कि घटना कैसे हुई। बिहार के कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र के महमूदगंज एनएच 2 के पास मंगलवार रात करीब तीन बजे पर्यटक बस और ट्रक की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक महिला पर्यटक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से आठ की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को बाहर निकाल कर थाना प्रभारी राजीव रंजन सिंह और एनएचएआई को सूचना दी।

जानकारी के मुताबिक, सूचना पर दुर्गावती थाना प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य में जुट गए। वहीं, एनएचएआई की दो और सरकारी अस्पताल की पांच एंबुलेंस गाड़ियों ने मोर्चा संभाला। इस दौरान 12 घायलों को इलाज के लिए पीएचसी दुर्गावती पहुंचाया गया। सभी की स्थिति काफी नाजुक थी। सभी घायलों को घटनास्थल से भभुआ सदर अस्पताल भिजवा दिया गया। सभी तीर्थ यात्री उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के दातागंज के रहने वाले बताए गए हैं। वे गया में पिंडदान करने और काशी भ्रमण को लेकर आए हुए थे। उनकी बस एनएच-2 महमदगंज में ट्रक से टकरा गई थी। एक यात्री ने बताया कि गया से हम लोग (65 यात्री) पिंडदान करने और काशी भ्रमण करने आए थे। हमारी बस की टक्कर ट्रक से हो गई, जिसमें 12 लोग घायल हो गए हैं। घटना के समय हम लोग सो रहे थे, जिस कारण समझ नहीं पाए कि घटना कैसे हुई। आंख खुली तो गाड़ी क्षतिग्रस्त थी। हम लोग एक-दूसरे के नीचे दबे पड़े थे।

दुर्गावती पुलिस सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उनमें से एक महिला की मौत होने पर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। फिलहाल दुर्गावती पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# पत्नी ने ही रची थी पति की हत्या की साजिश

आजमगढ़। दीदारगंज थाना क्षेत्र में हुई मनोज राजभर की हत्या उसकी पत्नी ने ही साजिश कर करवाया था। हत्याकांड को मृतक के भांजे ने ही अपने दोस्त के साथ मिल कर अंजाम दिया था। मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस ने मनोज राजभर हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्यारोपियों को मीडिया के समक्ष पेश किया। बीते 26 सितंबर को ग्राम आमगांव के चौकीदार रतनलाल ने थाने में तहरीर दिया कि आमगांव नहर के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। 28 सितंबर को विनोद राजभर निवासी अशरफपुर उसरहटा थाना शाहगंज, जनपद जौनपुर ने मृतक की पहचान अपने भाई मनोज राजभर के रूप में किया।

विनोद राजभर ने तहरीर दिया और हत्या की आशंका व्यक्त किया। इसके बाद एसपी ने घटना का अनावरण करने के लिए प्रभारी निरीक्षक दीदारगंज, स्वाट व सर्विलांस प्रभारी को निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक दीदारगंज द्वारा स्वाट व सर्विलांस सेल की मदद से की गई विवेचना में अभियुक्त शिवम राजभर पुत्र रमाकान्त राजभर, प्रिंस प्रताप राजभर उर्फ लकी पुत्र स्व. संतोष राजभर निवासी ग्राम जेठहरी, दीदारगंज जनपद आजमगढ़ और ललीता देवी पत्नी स्व. मनोज राजभर ग्राम उसरहटा मौलानापुर थाना शाहगंज जनपद जौनपुर का नाम प्रकाश में आया। 2 अक्टूबर को करीब 6.30 बजे प्रभारी निरीक्षक नदीम फरीदी व सर्विलांस सेल द्वारा मुकदमे में वांछित अभियुक्त शिवम राजभर व प्रिंस प्रताप राजभर को औरंगाबाद तिराहे से मोटर साइकिल के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में शिवम राजभर ने बताया कि वह अपनी मामी ललिता राजभर के कहने पर अपने मित्र प्रिंस राजभर उर्फ लकी के साथ मिलकर आमगांव नहर के पास 26 सितंबर की शाम लगभग 7 बजे चाकुओं से घोंपकर मामा मनोज राजभर की हत्या कर दिया। वहीं पुलिस ने ललिता देवी को सुधरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया।

ललिता ने बताया कि मनोज आए दिन शराब पी कर उसे मारता-पीटता था। जिससे तंग आकर उसने भांजे शिवम से मिल कर पति की हत्या करवाया। पुलिस ने तीनों का चालान कर दिया है।

## आगरा के शमसाबाद में पूर्व विधायक डॉ. राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना घेरा

आगरा। आगरा के शमसाबाद थाना क्षेत्र के चंदौरा निवासी ओम प्रकाश के साथ गांव के ही लोगों ने मारपीट की। परिवार के लोग मामले की शिकायत लेकर थाने पहुंचे। यहां घायल ओमप्रकाश भी उनके साथ था। थाने में पूरी रात ओम प्रकाश परिवार के लोगों के साथ रहे, लेकिन पुलिस ने उनकी नहीं सुनी। जिसके बाद आज सुबह पूर्व विधायक डॉ. राजेन्द्र सिंह अपने समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचे। सूचना पर पहुंच एसीपी फतेहाबाद आनंद कुमार पांडेय ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हो सका।

# 200 मीटर दौड़ में उमेश और रितू विजेता

अमेठी। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को गौरीगंज में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता के 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में उमेश, बालिका वर्ग में रितू विजेता रहीं। प्रतियोगिता के बाद मेधावी को पुरस्कृत किया गया। मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता के ऊंची कूद बालक वर्ग में अतुल मिश्र, ऋषि व ऋषिक तो बालिक वर्ग में एमजेएस स्कूल की साक्षी यादव ने जलवा कायम किया। लंबी कूद बालक वर्ग में रविकांत, मो साहिल व फरहान व बालिका वर्ग में विद्या यादव व शचि तिवारी विजेता रही। 200 मीटर दौड़ बालक वर्ग में उमेश, शिवेंद्र व अजीत पाल व बालिका वर्ग में रितू दुबे, नम्रता तथा प्रतिभा तथा 400 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अनुज पाल, सिद्धार्थ व कुंज करन क्रमश पहले, दूसरे व तीसरे स्थान के विजेता रहे। भाषण प्रतियोगिता में एमजेएस स्कूल के किशन सिंह, केपीएस स्कूल के अंतिमा सिंह तथा एमजेएस स्कूल की ही अंशू चौरसिया क्रमश पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। रंगोली प्में एमजेएस की रुपम, जीजीआईसी गौरीगंज की कविता पुष्पाकर व केपीएस बेहटा की अनामिका ने पुरस्कार पर कब्जा किया। बैडमिंटन बालिका वर्ग में रिया, इस्तता सेन व रजिया तो बालक वर्ग में प्रशांत सिंह, प्रिंस सरोज व शिवांग अग्रहरि ने ट्राफी पर कब्जा दिया। पुरस्कार के बाद विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

# 5000 मीटर की दौड़ में विवेक और शिवानी ने मारी बाजी

अमेठी। रामनगर स्थित फार्मेसी कालेज खेल मैदान में पूर्व मंत्री डॉ. अमीता सिंह के जन्मदिवस को लेकर चार दिवसीय आरआरएसजीआई स्पोर्ट्स कार्निवल महोत्सव में मंगलवार को अलग-अलग स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजर्षि रणंजय सिंह ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के खिलाड़ियों ने 5000 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, शतरंज, टेबल टेनिस, गोला फेंक आदि प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। 5000 मीटर रेस बालक वर्ग के श्रेणी सी में रणवीर रणंजय जूनियर हाई स्कूल के विवेक सरोज प्रथम, रणवीर रणंजय जूनियर हाई स्कूल के आदर्श यादव दूसरे स्थान पर रहे। श्रेणी डी में श्री रणवीर इंटर कॉलेज के सत्येंद्र कुमार प्रथम, सतीश कुमार गुप्ता दूसरे व सचिन तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में शिवानी सिंह प्रथम रहीं। बालक वर्ग श्रेणी ई में राजीव तिवारी, देवेंद्र यादव व करन शर्मा तथा बालिका आरती विश्वकर्मा, अन्नू पाल व रोशन यादव क्रमशः पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। कैरम प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बालक वर्ग श्रेणी सी में शिवांशु शुक्ल, आलोक पटेल व विवान पाठक तथा बालिका वर्ग में प्रकृति सिंह, सेजल शर्मा व इशिता सिंह क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। श्रेणी डी बालक वर्ग में अनुभव सिंह, मोहम्मद समीर व सुधांशु तो बालिका वर्ग में वंशिका शर्मा, वैष्णवी सिंह तथा प्रिया यादव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान मिला। लंबी कूद प्रतियोगिता के बालक वर्ग श्रेणी सी में सचिन सरोज, विवेक सरोज व आदर्श यादव तथा बालिका वर्ग में रूबी चौहान, आंचल चौहान व प्राची सिंह ने क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर बाजी मारी। लंबी कूद बालक वर्ग श्रेणी डी में अमरीश चौहान, शुभम कश्यप, मोहम्मद कैफ व बालिका वर्ग में खुशबू चौहान, अनुपमा व साक्षी कनौजिया क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। 5000 मीटर रेस, लंबी कूद एवं कैरम को छोड़कर अन्य प्रतियोगिताओं का रिजल्ट नहीं घोषित हो पाया था।

# दो दिन में 32 मिमी बारिश, तापमान में आई गिरावट

आजमगढ़। दो दिन की बारिश से मौसम पूरी तरह से सुहाना हो गया है। कई दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे पर एक बार फिर खुशी देखने को मिली। हालांकि हवा के कारण कुछ जगहों पर धान की फसल गिर गई, लेकिन किसानों का कहना है कि बारिश से धान सहित खरीफ की अन्य फसलों को भी फायदा पहुंचा है। मंगलवार को दिन का तापमान लुढ़ककर कर 28 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से भी राहत मिली। जर्जर रास्तों पर कीचड़ फैल गया है। 28 व 29 सितंबर तक तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। सोमवार को दिन का तापमान जहां 29 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं, मंगलवार को दिन का तापमान एक सेल्सियस घटकर 28 पर आ गया। मंगलवार को दिन में करीब नौ बजे तक बारिश होती रही। इससे किसानों के चेहरे पर मुस्कान देखने का मिली। कुछ जगहों पर धान की फसल तो हवा के कारण गिर गई, लेकिन इससे ज्यादा नुकसान होना नहीं बताया जा रहा है। दो दिन में लगभग 32 मिमी बारिश हुई। किसानों और कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह बारिश धान सहित खरीफ की अन्य फसल गन्ना उड़द तिल्ली आदि के लिए फायदेमंद है।

सगड़ी- दो दिन हुई बारिश से क्षेत्र में कई जगहों पर धान की फसल गिर गई। गडेरुआ, बोझिया, महुलिया, मालटारी, रामगढ़, अंजानशहीद, जमीन मुहम्मदपुर, मनिकाडीह आदि क्षेत्रों में गरज चमक व तेज हवा के साथ हुई बारिश के चलते सैकड़ों बीघा धान की फसल गिरकर बर्बाद हो गई। किसान रामदरश, सुरेंद्र, संजय सिंह, रमेश यादव ने बताया कि तेज हवा के चलते फसल गिर गई है।

धान की फसल में कहीं बालिया निकल चुकी है तो कहीं निकल रही हैं। इसके लिए 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे का तापमान अच्छा होता है। इससे ऊपर का तापमान धान की फसल को प्रभावित करने लगता है। यह बारिश धान सहित खरीफ की अन्य फसलों के लिए भी फायदेमंद है।

- डॉ. रूद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक केवीके कोटवा।

दीदारगंज रोड रेलवे स्टेशन पर जाने वाली सड़क अत्यंत ही जर्जर हो गई है। बारिश होते ही जगह-जगह जलभराव हो जाता है। विभागीय उदासिनता के कारण 500 मीटर सड़क पूरा गड्ढे में तब्दील हो गई है। बारिश में पूरा रोड कीचड़ से सन गया है। पूर्व प्रधान कृष्ण कुमार यादव, डॉ. सुभाष यादव, हनुमान यादव, योगेश पांडेय, रामलाल जायसवाल, सत्यम पांडेय आदि ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क मरम्मत की मांग किया।

रात के समय दो दिन हुई बारिश का असर विद्युत आपूर्ति पर भी पड़ा। कहीं पोल गिर गए तो कहीं तकनीकी खराबी के कारण आठ घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। जिसके चलते लोगों को सबसे ज्यादा समस्या सुबह पीने के पानी के लिए हुई। मोहब्बतपुर सब स्टेशन से शाहगढ़, दौलतपुर, मोहब्बतपुर, जमुड़ी, पैकौली, महलिया सरदापुर, नीवी आदि गांवों में बिजली आपूर्ति होती है। सोमवार की आधी रात बारिश शुरू होते ही बिजली चली गई। सुबह भी बिजली नहीं आई। जिसके कारण लोगों को नहाने व पीने के पानी के लिए समस्या हुई। मंगलवार को दिन में 11 बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल हुई तो लोगों ने राहत की सांस लिया।

सरायमीर- विद्युत उपकेंद्र नंदाव से की जाने वाली विद्युत आपूर्ति रेवला गांव तक जाती है। उवारसेपुर- रेवला गांव के बीच बारिश में तीन एचटी के पोल तार सहित गिर गए। जिससे गांव में विद्युत सप्लाई बाधित हो गई। शिकायत पर विभाग के कर्मचारी पहुंचे जरूर लेकिन उसे देखकर चले गए। जेई अरुण कुमार ने बताया की जो उपभोक्ता परेशान हैं। उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली दी जा रही है जल्द ही पोल को सही करा दिया जाएगा।

सगड़ी- क्षेत्र के घाघरा गांव में सोमवार की सुबह से विद्युत आपूर्ति ठप चल रही है। जिसके चलते सैकड़ों घरों में अंधेरा है। वहीं छोटे-मोटे उद्योग धंधे भी ठप हो गए हैं। जिसके चलते लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। जब क्षेत्र के जेई और एसडीओ के मोबाइल पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। शाम पांच बजे तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी।

# एंबुलेंस नहीं मिली, ऑटो से ला रहे प्रसूता को, सड़क पर प्रसव, नवजात की मौत

अलीगढ़। तालानगरी के पास महिला को प्रसव पीड़ा उठी। इस दौरान उनके साथ आ रही महिलाओं ने सड़क पर ही महिला का प्रसव कराया। आसपास से गुजर रहे लोगों ने महिला को फिर से ऑटो में बैठाने में मदद की। इसके बाद परिजन ऑटो से प्रसूता और बच्चे को महिला चिकित्सालय ले गए। बुधवार की सुबह नवजात शिशु की मौत हो गई। नौ महीने तक बच्चे को पेट में रखा, सपना था कि बच्चे की किलकारी सुन सब दर्द भूल जाऊंगी, पर रात 12 बजे सपना टूट गया। ऑटो से परिजन प्रसूता को महिला अस्पताल ले जा रहे थे। 3 अक्टूबर देर रात तालानगरी में प्रसव पीड़ा तेज हो गई और सड़क पर ही उसका प्रसव कराना पड़ा। 4 अक्टूबर की सुबह नवजात शिशु की मौत हो गई। महिला के पति का आरोप है कि समय पर एंबुलेंस सेवा नहीं मिली।

सत्य प्रकाश निवासी जिरौली धूमसिंह की पत्नी आशा अतरौली की बिजोली सीएचसी में भर्ती थी। मंगलवार की रात उनकी हालत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजन उन्हें प्राइवेट ऑटो से महिला चिकित्सालय लेकर आ रहे थे। तालानगरी के पास महिला को प्रसव पीड़ा उठी। इस दौरान उनके साथ आ रही महिलाओं ने सड़क पर ही महिला का प्रसव कराया।

### सड़क पर प्रसव

आसपास से गुजर रहे लोगों ने महिला को फिर से ऑटो में बैठाने में मदद की। इसके बाद परिजन ऑटो से प्रसूता और बच्चे को महिला चिकित्सालय ले गए। बुधवार की सुबह नवजात शिशु की मौत हो गई। पति सत्यप्रकाश का आरोप है कि अतरौली अस्पताल से एंबुलेंस न मिलने के कारण वह प्राइवेट ऑटो में मरीज को लेकर आ रहे थे। जिसके कारण यह घटना हुई है।

### पहले अस्पताल में प्रसव का दावा, फिर बोले दूसरा हो सकता है केस

महिला के सड़क पर प्रसव के मामले में स्वास्थ्य विभाग दावा कर रहा है कि प्रसव अस्पताल में हुआ है। 102 व 108 एंबुलेंस के नोडल अधिकारी मो. अरशद ने बताया कि महिला को उसके घर से बिजौली सीएचसी पर लाया गया, जहां उसे प्रसव हुआ, बच्चे में हालत नाजुक थी। डॉक्टरों ने उसे महिला अस्पताल रेफर किया था। जिसके बाद एंबुलेंस से नवजात को और उसकी मां को महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने मांग दोबारा एंबुलेंस को अतरौली ले जाने को कहा। लेकिन, शव वाहन न होने के कारण परिजनों ने नाराजगी जाहिर की। बाद में वह प्राइवेट साधन से ही अतरौली चले गए। तालानगरी में सड़क पर हुए प्रसव के प्रत्यक्षदर्शियों और तस्वीरों का हवाला दिए जाने पर उनका कहना है कि यह कोई दूसरा केस हो सकता है। इसकी जांच कराएंगे।

## मृतक को जीवित दिखा जमीन हड़पने में केस

अमेठी। न्यायालय के आदेश पर मृत व्यक्ति को जीवित दिखाकर जमीन हड़पने के मामले में जगदीशपुर थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। मामला जगदीशपुर के दिक्खन गांव का है। क्षेत्र के दक्खिनगांव निवासी अजय कुमार के बाबा रामलौटन की मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु के बाद रामलौटन के नाम दर्ज भूमि उसके पिता के नाम वरासत हो गई। जबकि गांव के ही राम किशोर ने उसके बाबा रामलौटन को जीवित दिखाकर अनरजिस्टर्ड वसीयत तैयार कर जमीन हड़पने की कोशिश की। इसकी जानकारी उसे तब हुई जब चकबंदी अधिकारी न्यायालय से नोटिस जारी की गई। अजय ने मामले की शिकायत थाने से लेकर एसपी से की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। परेशान पीड़ित ने कोर्ट में केस दायर किया। सुनवाई के बाद सुल्तानपुर न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने थाना प्रभारी को केस दर्ज कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

# आर्थिक तंगी से नहीं छूटेगी आठवीं के बाद पढ़ाई, मिलेंगे 12 हजार रुपये सालाना

अलीगढ़। इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित छात्र को 12,000 रुपये सालाना मिलते हैं। इस छात्रवृति के लिए वही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जिनके माता-पिता की आमदनी प्रति वर्ष 3,50,000 रुपये से अधिक न हो। 8वीं कक्षा तक शिक्षा मुफ्त है, अब सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है जिससे परिवार की आर्थिक तंगी के कारण 8वीं के बाद छात्रों की पढ़ाई नहीं छूटेगी। केंद्र सरकार ने 9वीं से 12वीं कक्षा तक के मेधावी छात्रों को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए राष्ट्रीय साधन-सह-योग्यता छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) के तहत एक लाख आवेदन आमंत्रित किए हैं। चुने गए छात्रों को 12 हजार रुपये सालाना छात्रवृत्ति मिलेगी।

### ऐसे करें आवेदन

शिक्षा मंत्रालय के अधिकारी के मुताबिक, 8वीं कक्षा के बाद आर्थिक दिक्कतों के कारण मेधावी छात्र शिक्षा पूरी नहीं कर पाते हैं। ऐसे में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को छात्रवृत्ति देने का फैसला किया गया है। इसके लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर ऑनलाइन आवेदन और पंजीकरण विंडो खुल गई है। इच्छुक विद्यार्थी 30 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षा मंत्रालय द्वारा लागू इस छात्रवृत्ति योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को पढ़ाई बीच में छोड़ने की समस्या से निजात दिलाने और उन्हें आगे अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

### परिवार की सालाना आय 3.5 लाख रुपये से कम वाले होंगे पात्र

इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित छात्र को 12,000 रुपये सालाना मिलते हैं। इस छात्रवृति के लिए वही विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जिनके माता-पिता की आमदनी प्रति वर्ष 3,50,000 रुपये से अधिक न हो। इसके अलावा सातवीं कक्षा की परीक्षा में न्यूनतम 55 फीसदी अंक या समकक्ष ग्रेड होना अनिवार्य है।

